दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 | अंक : 289 टोंक | गुरुवार,04 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने दिया इस्तीफा

### आज शाम सीएम पद की शपथ ले सकते हैं हेमंत सोरेन



बढ़ता राजस्थान

**रांची।** जेल से बाहर निकलने के बाद एक बार फिर से हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे। सीएम चंपाई सोरेन ने बुधवार शाम 7.20 बजे राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। चंपाई सिर्फ 152 दिन झारखंड के सीएम रहे। 2 फरवरी 2024 को वे सीएम बने थे।

चंपाई सोरेन ने कहा कि गठबंधन का जो फैसला था उसी के अनुसार मैंने काम किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि चंपाई जी ने अपनी बात कह दी है। ये गठबंधन का फैसला है। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन विधायक दल के विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। अब राज्यपाल कभी भी हेमंत सोरेन को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। इससे पहले रांची में सीएम हाउस में विधायक दल की बैठक हुई। इसमें हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया है। सभी विधायकों को सीएम हाउस में ही रहने को कहा गया है।

# विधानसभा सत्र का पहला ही दिन हंगामे की भेंट चढ़ा

- शोर शराब और नारेबाजी के बीच आसन ने कराए काम
- जूली ने उठाया संविधान और माइक बंद करने का मुद्दा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** 16वीं विधानसभा का दूसरा सत्र बुधवार से शुरू हो गया है। सत्र का आगाज ही हंगामे के साथ हुआ। नेता प्रतिपक्ष ने संविधान का हवाला देकर राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का आगाज करवाने की बात कही। इसके बाद सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष में बहस हुई. टीकाराम जूली ने माइक बंद करने का आरोप लगाया।

राष्ट्रगान के तुरंत बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली खड़े हुए और राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का आगाज नहीं होने पर संविधान का उल्लंघन होने की बात कही इस पर सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। स्पीकर प्रो. वासुदेव देवनानी ने दखल देकर व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। संसदीय कार्यमंत्री जोराराम पटेल ने कहा कि किसी भी साल का पहला सत्र राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होता है। यह दूसरा सत्र है। इसलिए बिना राज्यपाल के अभिभाषण के सत्र का आगाज किया गया है। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से एक बार फिर नारेबाजी शुरू हो गई। इस बीच नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि लोकसभा में जिस तरह विपक्ष के नेताओं का माइक बंद किया जाता है। उसी तरह विधानसभा में भी उनका माइक बंद किया गया है। इसके बाद विधानसभा में चुनकर आए नए सदस्य जयकिशन पटेल को शपथ दिलाई गई।

### बिड़ला के लोकसभा स्पीकर बनने पर बधाई

राजस्थान विधानसभा के सदस्य रहे कोटा के सांसद ओम बिड़ला के लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बनने पर विधानसभा में उन्हें बधाई दी गई। अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के मौके पर प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्लास्टिक बैग जहां बन रहे हैं। वहां रोक लगा दी जाए तो उपयोग अपने आप बंद हो जाएगा। इस बीच विपक्ष लगातार संविधान बचाने और संविधान पर बहस करने की मांग को लेकर हंगामा करते रहे।

### दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

गुजरात की राज्यपाल कमला बेनीवाल, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी, पूर्व सरकारी मुख्य सचेतक महावीर प्रसाद जैन, पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम गंगानगर, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रशेखर, पूर्व राज्यमंत्री उम्मेद सिंह, पूर्व विधायक विवेक धाकड़, पूर्व विधायक प्रभुलाल करसोलिया, पूर्व विधायक किशन गोपाल, पूर्व विधायक मोटाराम, पूर्व विधायक रत्तीराम यादव, पूर्व विधायक हुकम सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया और श्रद्धांजलि दी। हाथरस में भगदड़ में जान गंवाने वाले 121 लोगों की मौत पर शोक प्रकट किया गया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## इस बार जगन्नाथ रथयात्रा 2 दिन की

### 7 जुलाई की शाम को शुरू होगी यात्रा, 8 को गुंडिचा मंदिर पहुंचेंगे रथ, 1971 में भी ऐसा हुआ था



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )** इस साल पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथयात्रा दो दिन चलेगी। जगन्नाथ मंदिर का पंचांग बनाने वाले ज्योतिषी का कहना है कि इस साल आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष में तिथियां घट गई। जिसके चलते रथयात्रा से पहले होने वाली पूजा परंपराएं 7 जुलाई की शाम तक चलेंगी।


रथयात्रा की तिथि में बदलाव नहीं किया जा सकता, इसलिए सुबह शुरू होने वाली रथयात्रा शाम को शुरू होगी। इससे पहले 1971 में भी ऐसा ही हुआ था।

ज्योतिषी डॉ. ज्योति प्रसाद का कहना है, 7 जुलाई को दिनभर पूजा परंपराएं चलेंगी और शाम को 4 बजे के आसपास रथयात्रा शुरू होने की संभावना है। सूर्यास्त के बाद रथ नहीं हांके जाते हैं, इसलिए रथ रास्ते में ही रोके दिए जाएंगे। 8 को सुबह जल्दी रथ चलना शुरू होंगे और इसी दिन गुंडिचा मंदिर पहुंच जाएंगे।

# मणिपुर, नीट पर पीएम ने राज्यसभा में दिया जवाब, विपक्ष ने किया वॉकआउट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )** लोकसभा में विपक्ष पर तीखे हमले के एक दिन बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा को संबोधित किया। राज्यसभा की कार्यवाही 3 जुलाई को सुबह 11 बजे फिर से शुरू हुई, जबकि निचले सदन में पीएम मोदी के भाषण को लेकर एनडीए और इंडिया ब्लॉक के सांसदों के बीच नोकझोंक के बाद लोकसभा को मंगलवार शाम अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। राज्यसभा में मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। हालांकि, राज्यसभा में प्रधानमंत्री के भाषण के बीच विपक्ष ने कांग्रेस के नेतृत्व में वॉकआउट किया। मोदी के भाषण के बाद उच्च सदन में राष्ट्रगीत की धुन बजाये जाने के साथ ही सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के 264वें सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।



**सरकार के काम, विकास पर**–आने वाले 5 साल गरीबी के खिलाफ लड़ाई के निर्णायक हैं। जब देश दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनेगा तो इसका लाभ और प्रभाव जीवन के हर क्षेत्र पर पड़ने वाला है। विकास के अनेक अवसर मिलने वाले हैं। आने वाले कालखंड में हम नए स्टार्टअप और नई कंपनियों को देख रहे हैं। एमएसपी से किसानों को लाभ पहुंचाया। बीज से बाजार तक हमने किसनों के लिए हर व्यवस्था को मजबूत किया। हमारी नीतियों के कारण किसान क्रेडिट कार्ड के विस्तार के कारण हमने किसानी को व्यापक स्वरूप में देखा है। किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ मछुआरों को भी मुहैया कराया। हमारे टियर 2 और टियर 3 शहरों का विकास होने वाला है। आने वाले 5 साल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में तेजी से बदलाव आने वाला है। इसका लाभ लोगों को मिले, हम इस दिशा में बढ़ना चाहते हैं।

**पेपर लीक पर पीएम ने कहा** –पेपर लीक एक बड़ी समस्या है। मेरी इच्छा थी, सारे दल इस पर अपनी राय रखते। लेकिन यह मुद्दा भी इन्होंने राजनीति की भेंट चढ़ा दी। मैं देश के नौजवानों को आश्वस्त करता हूं कि आपको धोखा देने वालों को यह सरकार छोड़ने वाली नहीं है। इन्हें सख्त सजा मिले, इसलिए एक के बाद एक एक्शन लिए जा रहे हैं। हमने इसके लिए सख्त कानून बनाया है।

### राज्यसभा की कार्यवाही

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में कहा कि साठ साल बाद देश की जनता ने तीसरी बार किसी सरकार की सत्ता में वापसी कराई है जो असामान्य है। मोदी ने कहा कि हम पर एक-तिहाई सरकार होने का विपक्ष का आरोप सही है, क्योंकि अभी तो हमारी सरकार के 20 साल और होंगे और अब तक तो एक तिहाई ही हुआ है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने दुष्प्रचार को, भ्रम की राजनीति को परास्त कर दिया और भरोसे की राजनीति पर विजय की मुहर लगाई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संविधान हमारे लिए केवल अनुच्छेदों का संकलन नहीं है, हम उसके एक-एक शब्द और भावनाओं का आदर करते हैं।

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने हमें आदेश दिया है और हम भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंचाकर रहेंगे। विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि कुछ लोगों को 'ऑटो पायलट' पर सरकार चलाने की आदत रही है, लेकिन हम परिश्रम में विश्वास रखते हैं। हम आने वाले सालों में विकास कार्यों की गति और विस्तार बढ़ाएंगे। पिछले दस साल तो हमारे लिए 'एपेटाइजर' रहे, 'मेन कोर्स' तो अब शुरू हुआ है। हम भारत में विकास का नया अध्याय गढ़ना चाहते हैं। उन्होंने बंगाल को लेकर भी विपक्ष पर वार किया। उन्होंने कहा कि अगर ये चुनाव संविधान बचाने के लिए था तो देश की जनता ने इसके लिए हमें चुना...1977 के चुनाव ने संविधान बचा लिया। राष्ट्रपति अभिभाषण पर राज्यसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के बीच कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। इसपर मोदी ने कहा कि जिनमें सत्य का सामना करने का साहस नहीं है, उनमें इन चर्चाओं में उठे प्रश्नों के उत्तर सुनने का साहस नहीं है। वे उच्च सदन का, उच्च सदन की गौरवशाली परंपरा का अपमान कर रहे हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने भी विपक्ष को खूब सुनाया।

मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई एक प्रकार से अंतिम चरण में है, आतंक के बचे हुए नेटवर्क को हम सख्ती से नेस्तनाबूद करने के लिए पूरी व्यूह रचना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## हाथरस भगदड़ में 122 मौतें, योगी बोले-यह साजिश जैसा

### लोग मरते गए, सेवादार भाग गए; हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जांच करेंगे

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )** यूपी के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के बाद हुई भगदड़ में अब तक 122 लोगों की मौत हुई है। 4 जिलों हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में रातभर शवों का पोस्टमॉर्टम हुआ। परिजन अपनों की लाश को लेकर इधर-उधर भटकते रहे। प्रशासन ने अब तक 121 मौत की पुष्टि की है।

हादसा मंगलवार दोपहर 1 बजे फुलरई गांव में हुआ। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे सीएम योगी भी हाथरस पहुंचे। जिला अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। घटनास्थल गए। अफसरों से पूरे हादसे की जानकारी ली। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- यह हादसा साजिश जैसा है। लोग मरते गए। सेवादार वहां से भाग गए। उन्होंने न तो प्रशासन को सूचना दी और न ही मदद की। प्रशासन की टीम जब पहुंची तो सेवादारों ने उन्हें आगे जाने नहीं दिया। हमने भी कुंभ जैसे बड़े आयोजन किए, लेकिन ऐसी चीजें नहीं हुईं। सीएम ने कहा- जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है।




## बीआरएस को बड़ा झटका, खड़गे और राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए केशव राव



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनेता के केशव राव बुधवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए। खड़गे ने राव को पार्टी का दुपट्टा देकर सम्मानित करते हुए पार्टी में उनका स्वागत किया। एआईसीसी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, एआईसीसी तेलंगाना प्रभारी दीपा दासमुंशी और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी भी उपस्थित थे। कुछ हफ्ते पहले बीआरएस छोड़ने और कांग्रेस में दोबारा शामिल होने के बाद राव के लिए यह घर वापसी थी।

राव ने 2000 के मध्य में संयुक्त आंध्र प्रदेश में आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था,

## राजस्थान के 5 जिलों में बारिश का अलर्ट

### सभी जिलों में मानसून की एंट्री, अब भी 4 शहरों में पारा 40 के पार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** पूरे राजस्थान में मानसून पहुंच चुका है। मंगलवार को 9 जिलों में बारिश हुई। श्रीगंगानगर में कल मानसून ने प्रवेश किया। इसी के साथ दोपहर बाद मौसम बदला। तेज आंधी चली और बारिश हुई। इस दौरान शहर में एक बिजली का खम्भा पास खड़ी कार पर गिर गया। 2 दिन उमस और गर्मी के बाद अलवर में शाम को बारिश शुरू हुई। इससे पहले दोपहर को तेज हवाओं को दौर जारी था और बादल छाए थे। बारिश के साथ ही अब तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

साथ ही आज भी 5 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 4 और 5 जुलाई को जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर और जालोर को छोड़कर शेष सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट है। 6 जुलाई को जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, पाली और जालोर को छोड़कर शेष सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट है।

### शाम होते-होते मौसम बदला

पिछले 24 घंटे के दौरान अलवर के सिलीसेढ़ में 38स्रूबारिश, चूरू के सिद्धमुख में 48, तारानगर में 12, सीकर के रामगढ़ शेखावाटी में 9 और भरतपुर में 25स्रूबारिश दर्ज हुई। इधर उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही, प्रतापगढ़ के एरिया में भी कुछ स्थानों पर एक से लेकर 14स्रू तक बरसात हुई। श्रीगंगानगर में मंगलवार को सुबह से लेकर दोपहर तक धूप और बादल के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। उमस के साथ तेज गर्मी रही। शाम होते-होते मौसम बदला, जिसके बाद लोगों को उमस से राहत मिली। राजस्थान में भले ही मानसून अब पूरी तरह छा गया हो, लेकिन गर्मी अब भी तेज है। मंगलवार को 4 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। श्रीगंगानगर के अलावा बीकानेर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 41.7, फलौदी 40 और जैसलमेर में 41.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। बाड़मेर में तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## सम्पादकीय

### हाथरस दुखान्तिका : धर्म के पीछे अंधभक्ति नहीं करें, धर्माचार्य का इतिहास पहले खंगाले

हाथरस में हुई दुखान्तिका से एक सबक तो सभी श्रद्धालुओं को ले लेना चाहिए कि धर्म के पीछे किसी की भी अंधभक्ति नहीं करनी चाहिए। संबंधित धर्माचार्य के बारे में पूरा इतिहास पहले खंगाल लेना चाहिए। धर्म कोई भी हो लेकिन फर्जी धर्माचार्यों का जमावड़ा हर धर्म में आपको मिल सकता है। हम कुछ लोगों को धर्म की आड़ में भगवान बना बैठते हैं और ऐसे ही स्वयंभू भगवान के पांव छूने की कोशिश में सवा सौ लोगों को बैकुंठवासी होना पड़ गया। धर्म के नाम पर ऐसे ही फर्जी बाबा सालों से मूर्ख बनाकर अपनी दुकानें में चला रहे हैं। ऐसे हादसों के बाद अब एक बार फिर लकीर पीटी जाएगी। वही सब कुछ जो सिस्टम ने तय कर रखा है। मृतकों और घायलों को मुआवजा मिलेगा। जांच के लिए कमेटियों-आयोगों का गठन होगा। नेताओं की बयानबाजी और राजनीति होगी। दो-चार अफसरों का निलंबन भी हो जाएगा। उसके बाद सब कुछ पहले जैसा और ऐसे ही किसी अगले हादसे का इंतजार। हादसों की जांच कमेटियों का नतीजा तो कभी पता भी नहीं चलता।

ऐसे हादसों के बाद सरकारें भी गाइड लाइन जारी करती है लेकिन इनकी पालना कितनी होती है, उस पर कभी ध्यान नहीं दिया जाता। आज तक ऐसी जितनी भी दुखान्तिकाएं हुई हैं उनमें हर जगह एक और समान चीज नजर आती है और वह है प्रशासन-पुलिस की लापरवाही और अनदेखी। जो ऐसे आयोजनों को मंजूरी देने से लेकर उनके खत्म होने तक लापरवाह रहता है। वो यह भी नहीं सोचता हजार लोगों की मंजूरी लेकर अगर लाखों लोग पहुंच रहे हैं, तो उसका अंजाम क्या है सकता है।

हाथरस में यही हुआ आयोजकों ने 80 हजार श्रृद्धालुओं की इजाजत ले रखी थी लेकिन सत्संग में पहुंचे दो-ढाई लाख श्रद्धालु। भोले बाबा के प्रवचन सुनने के बाद उनके चरणों की धूल को सिर पर लगाने की कोशिश में मची भगदड़ में 122 लोग मारे गए और इनमें से 110 से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। सवाल ये है कि क्या प्रशासन को यह मालूम नहीं था कि सत्संग में कितनी भीड़ एकत्र हो रही है और वहां उसे नियंत्रित करने के लिए उसने खुद इंतजाम कितने किए गए हैं? ये भी कहा जा रहा है कि सत्संग स्थल के भीतर और आसपास की जिम्मेदारी बाबा की प्राइवेट आर्मी के वॉलिंटियर्स संभालते हैं और वह पुलिस या प्रशासन के लोगों को सत्संग के तंबू में भी नहीं जाने देते। अगर ये सच है तो यह और भी गंभीर है कि आखिर लाखों लोगों की सुरक्षा आयोजकों के भरोसे कैसे छोड़ दी गई? सवाल बहुत हैं जिनके जवाब आगे जांच में मिलेंगे या नहीं कहना मुश्किल है लेकिन अब जनता को अपनी सुरक्षा खुद अपने हाथ में लेनी पड़ेगी। कई धर्मस्थलों में दिन विशेष को भारी भीड़ रहती है जबकि ईश्वर के लिए हर दिन समान है। क्यों लोग एक विशेष दिन को ही धर्म स्थल पर पहुंचते हैं और वहां एकाएक भारी भीड़ हो जाती है। ऐसे में हादसों का अंदेशा बना रहता है।

# हाथरस हादसे में मौतों की जवाबदेही तय हो

**हाथरस के सिकंदराराऊ के निकट फुलरई के एक खेत में कथित हरि बाबा के एक दिवसीय सत्संग के दौरान यह हादसा हुआ। इस बाबा से जुड़ी बातें विसंगतियों से भरी है। सफ़ेद कोट-पेंट, टाई पहनने वाला यह बाबा कोई पंडित नही है न साधु संत है, यह जूता पहनकर प्रवचन देता था। इस बाबा को कितने वेद पुराण का ज्ञान है? यह किस परंपरा से है? इसके गुरु कौन हैं? ऐसे अनेक प्रश्न है जो बाबा को शक एवं संदेह के घेरे में लेते हैं। इन्हें हिन्दू बाबा कैसे कहा जा सकता है? हिंदू धर्म में ऐसा कहां होता है? यह बाबा पहले पुलिस सेवा में थे और जिनका मैनपुरी में भव्य एवं महलनुमा आश्रम है। घटना के बाद बाबा फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।**

ललित गर्ग



उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में एक सौ इक्कीस लोगों के मरने एवं सैकड़ों लोगों के घायल होने की हृदयविदारक, दु:खद एवं दर्दनाक घटना ने पूरे देश को विचलित किया है। ऐसी घटनाएं न केवल प्रशासन की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी को उजागर कर रही है बल्कि धर्म के नाम पर पनप रहे आडम्बर, अंधविश्वास एवं पाखण्ड को भी उजागर कर रही है। ऐसी त्रासदियां एवं दिल को दहलाने देने वाली घटनाओं से जुड़े पाखण्डी बाबाओं की कारगुजारियों से हिन्दू धर्म भी बदनाम हो रहा है, जबकि सैकड़ों लोगों की जान लेने वाले बाबा को हिंदू धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह हादसा अनेक सवालों को खड़ा करता है, बड़ा सवाल है कि ऐसे बड़े आयोजन में सुरक्षा उपायों की अनदेखी क्यों होती है? सवाल उठता है कि इतना बड़ा आयोजन बिना पुख्ता इंतजाम के किसकी अनुमति से किया जा रहा था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया? क्या इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस-प्रशासन का नहीं होता? क्या आयोजन-स्थल पर निकास द्वार, पानी, हवा, वैकल्पित चिकित्सा एवं चिकित्सक, गर्मी से बचने के पुख्ता इंजताम जरूरी नहीं थे? जवाबदेही तय हो भगदड़ में गयी जानों की। जाहिर है मौतों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही घटना पर लीपापोती की कोशिश भी जमकर होगी, राजनीतिक दल एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर राजनीति भी करेंगे। यह तय है कि ऐसे बाबाओं की दुकान बिना राजनेताओं के वरदहस्त के चलनी संभव नहीं है।

भारत में भोली-भाली जनता को ठगने एवं गुमराह करने वाले ऐसे पाखण्डी बाबाओं की बाढ़ आई हुई है। इस तरह की घटनाएं केवल जनहानि का कारण ही नहीं बनतीं, बल्कि देश एवं धर्म की बदनामी भी कराती हैं। इन घटनाओं पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी।

हाथरस की घटना कितनी अधिक गंभीर एवं चिन्ताजनक हैं, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में अपने संबोधन के बीच इस हादसे की जानकारी दी एवं शोक-संवेदना व्यक्त की। दुनिया भर में इस घटना को लेकर दु:ख जताया जा रहा है। यह तय है कि हाथरस में इतनी अधिक संख्या में लोगों के मारे जाने पर शोक संवेदनाओं का तांता लगेगा, लेकिन क्या ऐसे हादसों को नियंत्रित करने वाले ऐसे कोई उपाय भी सुनिश्चित कर सकेंगे, जिससे भविष्य में देश को शर्मिंदा करने वाली ऐसी घटना न हो सके? प्रश्न यह भी है कि आखिर धार्मिक आयोजनों में धर्म-कर्म का उपदेश देने वाले लोगों को संयम और अनुशासन की सीख क्यों नहीं दे पाते? कब तक ऐसे आयोजन धन कमाने के माध्यम बनते रहेंगे, जब जब धर्म का ऐसे पाखण्ड एवं पाखण्डियों से गठबंधन हुआ है, तब तक धर्म अपने विशुद्ध स्थान से खिसका है। यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि कई बार ऐसे आयोजनों में भगदड़ का कारण लोगों का असंयमित व्यवहार भी बनता है। ऐसा लगता है कि अपने देश में धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में कोई इसकी परवाह नहीं करता कि यदि भारी भीड़ के चलते अव्यवस्था फैल गई तो उसे कैसे संभाला जाएगा? क्या इसलिए कि प्राय: मारे जाने वाले लोग निर्धन एवं गरीब वर्ग के होते हैं?

एक डरावनी एवं संवेदनहीन हकीकत है कि हम ऐसे धर्म एवं धार्मिकता से जुड़े पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखते। हाल के दिनों में भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में भगदड़ में लोगों के मरने के मामले लगातार बढ़े हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि भीड़ के बीच होने वाले हादसों को कैसे रोका जाए। दो साल पहले माता वैष्णो देवी परिसर में भगदड़ में बारह श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। अप्रैल 23 में बनारस की भगदड़ में 24 लोग मरे थे। खाटू श्याम में भी भीड़ में दब कर 4 लोगों की मौत हुई। इंदौर में पिछले साल रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने से पैंतीस लोग मर गये थे। इसी तरह 2016 में केरल के कोल्लम के एक मंदिर में आग लगने से 108 लोगों की मौत हुई और दौ से अधिक घायल हुए थे। पंजाब के अमृतसर में दशहरे के मौके पर रावण दहन देख रहे साठ लोगों के ट्रेन से कुचलकर मरने की घटना को नहीं भूले हैं। देश में भीड़ की भगदड़ से होने वाले 70 फीसदी हादसे धार्मिक आयोजनों के दौरान ही होते हैं। हाल में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल से जुड़ा हादसा मुसलमानों के पवित्र स्थल मक्का में हुआ, जहां हज यात्रियों पर गर्मी का सितम इस कदर कहर बना कि 900 से ज्यादा मौतें हुई, जिनमें 90 भारतीय ने भी जाने गंवाई।

विडम्बना है कि इन बड़े-बड़े हादसों से न तो जनता कुछ सीख लेती और न ही प्रशासन। यह हैरानी की बात है कि किसी ने यह देखने-समझने की कोई कोशिश नहीं की कि भारी भीड़ को संभालने की पर्याप्त व्यवस्था है या नहीं? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि इस आयोजन की अनुमति देने वाले अधिकारियों ने भी कागजी खानापूर्त्ति करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली। यदि ऐसा नहीं होता तो किसी ने इस पर अवश्य ध्यान दिया होता कि आयोजन स्थल के पास का गड्ढा लोगों की जान जोखिम में डाल सकता है। जैसे-जैसे जीवन में धर्म का पाखण्ड फैलता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, ऐसे आयोजनों में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो ऐसे जघन्य हादसों की संख्या घट सकती है।

बहरहाल आने वाले दिनों में जांच के बाद किसी के सिर पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ा जाएगा। मगर इन मौतों का कसूरवार कौन है? जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनकी कमी कैसे पूरी होगी? कहा जा रहा है कि यह एक निजी कार्यक्रम था, कानून व्यवस्था के लिये प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आयोजन स्थल पर भीतरी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा की जानी थी। अब बड़े अधिकारियों का घटना स्थल पर जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। उनके तीन मंत्री पहले से वहां पहुंचे हुए है। इस एवं इससे जुड़ी कार्रवाइयों से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि उत्तर प्रदेश सरकार ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और दोषी लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है, क्योंकि आमतौर पर यही देखने में आता है कि इस तरह के मामलों में कार्रवाई के नाम पर कुछ अधिक नहीं होता। इसी कारण रह-रहकर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और उनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी जान गंवाते हैं। इसके बावजूद कोई सबक सीखने को तैयार नहीं दिखता है। धार्मिक आयोजनों में अव्यवस्था और अनदेखी के चलते लोगों की जान जाने के सिलसिले पर इसलिए विराम नहीं लग पा रहा है, क्योंकि दोषी लोगों के खिलाफ कभी ऐसी कार्रवाई नहीं की जाती, जो नजीर बन सके।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
संतान से भी अच्छा समाचार मिलेगा। नए लोगों की ओर आकर्षण का अनुभव होगा। आपको तन-मन में थकान महसूस होगी। परिवार में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। इससे आपको मानसिक भय का अनुभव होगा।

**वृष**
विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ आनंद के पल बीता सकते हैं। विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए समय अच्छा है।

**मिथुन**
अनिद्रा की समस्या भी सताएगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। समाज में मान भंग होने की भी संभावना है। आर्थिक हानि होगी। पानी से दूर रहें। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे।

**कर्क**
आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। अधिकारियों की मदद से आप प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकेंगे। अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है।

**सिंह**
जमीन और मकान से संबंधित दस्तावेज में छले जाने की संभावना है। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। उलझनपूर्ण स्थिति के कारण उचित निर्णय लेने में तकलीफ होगी। आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी।

**कन्या**
आज सावधानी बरतें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें। समय से भोजन और पर्याप्त, नींद न आने के कारण शरीर में अस्वस्थता अनुभव होगा। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा।

**तुला**
आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। आपको इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि आप कहीं गलत प्रलोभनों में न फंस जाएं।

**वृश्चिक**
पारिवारिक संपत्ति के बारे में सावधानी से काम लेना हितकर है। साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे। आपके परिश्रम का उचित फल मिलता हुआ प्रतीत होगा।

**धनु**
पारिवारिक जीवन में खुशी रहेगी। सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। सरकारी कामकाज की बाधाएं दूर होगी। आपके काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है।

**मकर**
आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। उनके साथ संबंध बेहतर होंगे। यह समय भागीदारी के इच्छुक लोगों के लिए भी अच्छा है।

**कुंभ**
तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे। गलत काम में न फंस जाएं, इसका ध्यान रखना पड़ेगा। धार्मिक मामलों में रुचि लेने से मानसिक शांति मिल सकती है।

**मीन**
आप नए संपर्क बना सकेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करने का समय है। महिलाओं से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर बनेंगे। सहोदरों एवं बुजुर्गों से लाभ होगा। शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## शख्सियत



विकास गुप्ता
( युवा उद्यमी व रोटेरियन )

नमस्कार साथियों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं रोटेरियन, समाजसेवी उद्योगपति विकास गुप्ता। इनका जन्म 20 जुलाई 1986 को अलवर के कोटकासिम गांव में हुआ इसके बाद इन्होंने अपनी शिक्षा ग्रहण की। शिक्षा में बीटेक एमबीए शिक्षा प्रशासन एमएसडब्ल्यू (सामाजिक कार्य में मास्टर) और उसके बाद अपना व्यापार शुरू किया नेशनल गियर के नाम से इनका संस्थान है सन 1996 में इनके पिता श्री रमेश चंद्र गुप्ता का आकस्मिक देहांत हो गया उसके बाद कम उम्र में ही उनके कंधे पर दायित्व और कर्तव्य का बोझ आ गया। ये डिगे नहीं डगमगाए नहीं जैसे तस्वीर में मुस्कुरा रहे हैं बस ऐसे ही मुस्कुराते रहे और आगे बढ़ते रहे। इसके बाद नर्सिंग कॉलेज, नर्सिंग स्कूल ,फार्मेसी कॉलेज, अस्पताल नापने का सिलसिला जारी रहा। शादी हुई तो पत्नी पूजा गुप्ता बीटेक मेक गोल्ड मेडलिस्ट और यूनिवर्सिटी टॉपर उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय से मिली। दो बेटे हैं नक्षत्र और अंतरिक्ष। खूबसूरत सा जिंदगी का सफर है इनका, हमेशा मुस्कुराते रहते हैं 2017 में रोटरी क्लब का अलवर ज्वाइन किया और 2020-21 में यह रोटरी क्लब के सचिव बने । विभिन्न नवाचारों और सामाजिक कार्यों में उनकी रुचि रहती है हमेशा ऊर्जा और जोश के साथ लोगों से मिलते हैं उनकी मुस्कान लोगों के लिए एक पहचान है। कितना भी परेशान दुख और दर्द देने वाला समय क्यों ना हो हमेशा ऐसे ही मुस्कुराते रहते हैं इनकी बहन की शादी के दौरान उनके पिता की मौत और तूफान का वह अद्भुत व भयावह मंजर ऐसे लग रहा था कि ईश्वर भी इतना क्रूर बनकर परीक्षा ले रहा है। जो लोग जानते हैं उनके लिए अद्भुत, अविस्मरणीय और भयावह नजारा था लेकिन इन्होंने हिम्मत नहीं हारी और विधि के विधान को चेतावनी और चुनौती न देकर उसे ईश्वर की लीला को समझा शांत रहे। विकास भैया आप ऐसे ही मुस्कुराते रहिए ऐसे ही ऊर्जा बनते और बटोरते रहिए दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है ।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 4 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- ब्रिटेन के थॉमस सेवरी ने 1698 में पहले व्यवसायिक स्टीम इंजन का पेटेंट हासिल किया।
- स्वीडन के रसायनशास्त्री और खदान विशेषज्ञ फ्रेडरिक क्रोन्स्टलर निकेल नामक धातु का पता लगाने 1751 में सफल हुए।
- मराठा सेना ने 1760 में दिल्ली पर कब्जा किया।
- मीर जाफर के बेटे मिरान की 1760 में गंडक नदी के किनारे बिजली गिरने से मौत हुई।
- अमरीका के 13 राज्यों के प्रतिनिधियों ने 1776 में फिलाडेल्फिया नगर में इस देश की स्वतंत्रता के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये। इसी लिए इस दिन को अमेरिका की आजादी के तौर पर जाना जाता है।
- पर्शिया ने 1778 में अर्जेंटिना के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1789 में पेशवा और निजाम के साथ टीपू सुल्तान के खिलाफ संधि की।
- अमेरिका ने 1819 में पहला बचत बैंक 'बैंक ऑफ सेविंग इन न्यूयॉर्क' शुरू हुआ।
- ब्रिटेन में 1838 को हसकर कोयला खान दुर्घटना में 26 बच्चों की मौत हुई।
- मशहूर अंग्रेजी उपन्यास एलिस इन वंडरलैड का प्रकाशन 1865 में हुआ।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बासुदेव बलवंत फड़के को 1879 में गिरफ्तार कर लिया गया।
- स्टॉक एक्सचेंज दाउ जोंस ने 1884 में अपना पहला स्टॉक इंडेक्स प्रकाशित किया।
- कनाडा की पहली अंतरमहाद्वीपीय ट्रेन 1886 में ब्रिटिश कोलंबिया के पोर्ट मूडी पहुंची।
- न्यूयॉर्क ट्रिब्यून छपाई मशीन का इस्तेमाल करने वाला पहला अखबार 1886 में बना।
- इडाहो 1890 में अमेरिका का 43वां प्रांत बना।
- इतावली वैज्ञानिक मार्कोनी ने 1897 में लंदन में रेडियो का पेटेंट कराया।
- लंदन में पहली बार रंगीन टीवी कार्यक्रम का प्रसारण 1928 में हुआ।
- लियो जिलार्ड ने 1934 में परमाणु बम के चेन रिएक्शन का पेटेंट कराया।
- द्वीप समूह फिलीपीन को 1946 में अमरिका से स्वतंत्रता मिली।
- ब्रिटिश संसद के सामने 1947 में भारतीय स्वतंत्रता बिल का प्रस्ताव रखा गया था। जिसके तहत देश का भारत और पाकिस्तान में बंटवारा हुआ।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1952 में प्यूर्टो रिको के संविधान को मंजूरी दी।
- फ्रांस के राष्ट्रपति ने 1962 में अलजीरिया की आजादी की घोषणा की।
- वियतनाम पर युद्ध में मारे गए अमेरिकी सैनिकों के आंकड़े जारी होने के बाद 1968 में युद्ध बंद करने का दवाब बढ़ा।
- 105 यात्रियों वाला हवाई जहाज 1970 को स्पेन में लापता हो गया।
- अमेरिकी रॉक बैंड 'द डोर्स' के प्रसिद्ध गायक जिम मॉरिसन 1971 में अपने पेरिस स्थित घर में मृत पाए गए।
- दूसरे हावड़ा ब्रिज नाम से कोलकाता में मशहूर विद्यासागर सेतु का निर्माण 1979 में शुरू हुआ।
- मक्का से मीना जाने वाली सुरंग में 1990 को भगदड़ मचने से 1,426 हज यात्रियों की मौत हुई।
- रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन 1996 में पुन: चार वर्ष हेतु राष्ट्रपति निर्वाचित।
- अमेरिकी यान 1997 में 'सोजर्नर' मंगल ग्रह पर पहुँचा।

## विशेष आलेख

# महंगाई की मार : आम जनता लाचार

अशोक भाटिया



देश में महंगाई की मार से आम जनता परेशान है। सब्जियों के दाम में भी कमी और उछाल का दौर जारी है. चावलों के दाम बढ़ने के बाद सरकार ने चावलों के निर्यात पर बैन लगा दिया था। जिसके बाद चावल की कीमत तो नियंत्रण में आ गई. लेकिन अन्य वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे हैं. अभी तक लगातार गर्मी के चलते दाल, राजमा, मटर जैसी चीजों के दाम में उछाल जारी है.फुटकर में टमाटर 120 रुपये प्रति किलो और हरी मिर्च 150 रुपये प्रति किलो तक बिक रहे हैं। भिंडी, अरबी, तोरई, बैंगन 80 रुपये किलो पर पहुंच गए हैं। लौकी 50 रुपये किलो है। अधिकतर हरी सब्जियां आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। कुछ सब्जियां क्षेत्र के हिसाब से भी महंगी हैं। केवल भारत में ही नहीं दुनिया भर में जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है वो किसी से छुपी नहीं है। बढ़ती कीमतों ने लोगों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है, जिसका सबसे ज्यादा खामियाजा समाज के गरीब तबके को उठाना पड़ रहा है।इस पर संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास संगठन (यूएनसीटीडी) द्वारा जारी ताजा विश्लेषण से पता चला है कि खाद्य कीमतों में 10 फीसदी के उछाल से, निर्धन परिवारों की आय में 5 फीसदी की गिरावट आ जाती है। देखा जाए तो यह राशि इतनी है जितनी वो परिवार आमतौर पर अपनी स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी जरूरतों पर खर्च करता है। यूएनसीटीडी के अनुसार दुनिया भर में तेजी से आसमान छूती महंगाई और बढ़ता कर्ज बड़ी समस्या बन चुका है। इसके साथ-साथ खाद्य पदार्थों और ऊर्जा साधनों की बढ़ती कीमतों के चलते करोड़ों लोग जीवन यापन के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। दो साल तक महामारी जूझने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति भी तब से ख़राब चल रही है।

ऊपर से यूक्रेन में जारी युद्ध और जलवायु में आते बदलावों ने स्थिति को बद से बदतर बना दिया है। आंकड़ों की मानें तो आज 60 फीसदी मजदूरों की वास्तविक आय महामारी से पहले की तुलना में कम है। इतना ही नहीं दुनिया के 60 फीसदी सबसे कमजोर देश कर्ज के दलदल में फंसे हुए हैं। अनुमान है कि अफ्रीका में 5 .8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बस थोड़ा ऊपर हैं। वहीं वैश्विक स्तर पर 410 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड' से पता चला है कि 2021 में करीब 82 .8 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार थे। यह आंकड़ा कितना विशाल है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह भारत की करीब 59 फीसदी आबादी के बराबर है। वहीं 230 करोड़ लोगों को दो जून की रोटी भी नसीब नहीं हो रही है। जिन लोगों को खाना मिल भी रहा है उनकी स्थिति भी कोई ख़ास अच्छी नहीं है। पता चला है कि स्वस्थ आहार दुनिया में 310 करोड़ लोगों की पहुंच से बाहर है।खा जाए तो एफएओ द्वारा जारी फूड प्राइस इंडेक्स करीब-करीब रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है और पिछले साल की तुलना में इस समय 20 .8 फीसदी ज्यादा है। यही हाल ऊर्जा क्षेत्र का भी है। जहां कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई है। वहीं ऊर्जा कीमतों में भी 2021 की तुलना में इस साल 50 फीसदी वृद्धि की आशंका है। ऐसा ही कुछ उर्वरकों के साथ भी हो रहा है जिनकी कीमतें 2000 से 2020 के औसत की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा हो चुकी हैं। देखा जाए तो एशिया और अफ्रीका में रहने वाले 9 करोड़ लोग, जो पहले बिजली इस्तेमाल कर रहे थे अब स्थिति यह है वो अपनी ऊर्जा सम्बन्धी बुनियादी जरूरतों का भुगतान नहीं कर सकते हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते हर साल करीब 2 करोड़ लोगों को मजबूरी में विस्थापित होना पड़ रहा है। अनुमान है कि जलवायु से जुड़ी आपदाओं की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था को हर साल 41.6 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है।नतीजन इसका असर न केवल खाद्य उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर पड़ रहा है बल्कि इससे उत्पादन में भी गिरावट आ रही है। यह सब कुछ यहीं तक ही सीमित नहीं रहेगा, इसका असर अगले सीजन में भी बढ़ी कीमतों के रूप में सामने आएगा यानि आम लोगों के जनजीवन पर पड़ते असर की बात करें तो बढ़ी महंगाई का मतलब है कि खाद्य उत्पादों और ऊर्जा कीमतों में इजाफा आ जाएगा, जिसका असर लोगों की वास्तविक आय पर पड़ेगा। उनके रहनसहन के स्तर में गिरावट आ जाएगी, जो अगले चलकर उनके भविष्य की संभावनाओं को भी प्रभावित करेगा। अनुमान है कि इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं और लड़कियों पर पड़ेगा। इसकी वजह से सामाजिक रुपरेखा में जो दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगें वो चिंताजनक हैं। बढ़ती गरीबी से लेकर असमानता की खाई कहीं ज्यादा गहरी हो जाएगी। शिक्षा के स्तर और उत्पादकता में गिरावट आ जाएगी, साथ ही लोगों की मजदूरी भी कम हो जाएगी। इसका असर सरकारों की इस तरह के संकटों से निपटने की क्षमता पर भी पड़ेगा जिससे सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है।इस स्थिति से निपटने के लिए जहां कुछ परिवारों को अपने भोजन की गुणवत्ता से समझौता करना पड़ सकता है। वहीं बच्चों को शिक्षा से वंचित होने से लेकर स्वास्थ्य सम्बन्धी खर्चों के साथ समझौता करना पड़ रहा है। ऐसे में जब परिवार अपने खर्चों में कटौती करने की कोशिश करेंगें तो वो सस्ते उत्पादों की तरफ जाएंगें, जिनकी गुणवत्ता उतनी बेहतर नहीं होगी। नतीजन यह उन्हें आगे चलकर कहीं ज्यादा महंगा पड़ेगा। इस मामले में यूएनसीटीडी की महासचिव रिबेका ग्रिन्सपैन का उपभोक्ता संरक्षण पर हाल में हुई बैठक में कहना था कि सरकारों को अपने उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए दीर्घकालीन मिशन को जारी रखने की जरुरत है। संगठन का कहना है कि एक तरफ विकसित देश हैं जिन्होंने अपने उत्पाद सुरक्षा ढांचें को मजबूत किया है। इसके लिए उन्होंने कानून उनके क्रियान्वयन, उत्पादों को वापस लेना सहित संचार अभियान जैसे उपायों को शामिल किया है।वहीं दूसरी तरफ विकासशील देशों में इसको लेकर मौजूदा प्रणालियां जर्जर अवस्था में हैं, जो असुरक्षित उत्पादों के अभिशाप को नियंत्रित करने में असमर्थ रही हैं। ज्यादा दुखद यह है कि देश के लगभग सभी राजनैतिक दलों के छोटे से लेकर बड़े नेता सस्ती लोकप्रियता बटोरने के लिए आम जनता का ध्यान भी इन्हीं चीजों की तरफ केन्द्रित करने के प्रयास करते हैं। कैश क्राप्स की कीमत प्रतिदिन सब्जी मंडियों में आने वाली सब्जी की आवक पर निर्भर करती है जिसका सीधा सम्बन्ध किसान से होता है। किसान के खेत में जितनी उपज होती है वह दैनिक आधार पर मंडी में ले आता है और उस उपज को देखते हुए उस सब्जी या फल के दाम नियत हो जाते हैं। यहां से माल खुदरा बाजार में जाता है और प्रत्येक खुदरा कारोबारी के लाभ के अनुसार उसके दाम बढ़ते जाते हैं। लेकिन असली महंगाई स्थायी उपजों जैसे गेहूं, आटा, चावल, दाल, चीनी, तेल, गुड़ , मसालों, दूध, दही, घी आदि की होती है।

बेलगाम बजरी माफिया

# अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर बजरी माफिया ने की हेड कॉन्स्टेबल की हत्या

## पुलिस जीप को भी मारी टक्कर, टक्कर मारकर ट्रैक्टर-ट्रॉली ले भागा ड्राइवर







बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** बजरी माफिया ने अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मारकर हेड कॉन्स्टेबल की हत्या कर दी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से भाग गया। कुछ घंटे बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। घटना टोंक जिले के कोतवाली थाना इलाके की है।

कोतवाली थाने के सीआई भंवरलाल वैष्णव ने बताया कि कोतवाली में तैनात हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा (35) और ड्राइवर जीतराम डायल नंबर 112 वाहन (गश्त वाहन) लेकर मंगलवार शाम को सिंधी श्मशान मोड़ पर खड़े थे। शाम करीब 5.45 बजे बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखाई दी।

पुलिस की गाड़ी के पास खड़े हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का इशारा किया। ड्राइवर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली रोकी नहीं और पुलिस जीप के साथ ही हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम को कुचल दिया। इसके बाद ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से घायल हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम को लहूलुहान हालात में सआदत अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी राजेश विद्यार्थी और अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायल हेड कॉन्स्टेबल की स्वास्थ्य की जानकारी ली। हेड कॉन्स्टेबल की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर किया गया। एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मंगलवार रात करीब 11.30 बजे घायल हेड कॉन्स्टेबल ने दम तोड़ दिया।

**आरोपी ड्राइवर को कुछ घंटे बाद कर लिया गिरफ्तार :** सीआई भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि मंगलवार देर रात को आरोपी ट्रैक्टर ड्राइवर जावेद को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा की हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अन्य धाराएं भी जांच के हिसाब से जोड़ी जाएगी।

**एसपी बोले- न्याय दिलाया जाएगा :** एसपी संजीव नैन ने बताया- पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। हमारे परिवार का सदस्य कम हो गया है, इसका दुख है। रही बात अवैध बजरी खनन की तो इस पर लगातार पुलिस कार्रवाई कर रही है। हेड कॉन्स्टेबल की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर मारकर हत्या करने वाले के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बजरी माफिया के खिलाफ और सख्ती की जाएगी।

**राजकीय सम्मान से होगा अंतिम संस्कार :** हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा का उनके पैतृक गांव देवली भांची में राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया जाएगा। हेड कॉन्स्टेबल की मौत की सूचना मिलने के बाद उनके घर में मातम छाया हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**सचिन पायलट मुर्दाबाद के लगे नारे :** मामले में विभिन्न मांगों को लेकर बैरवा समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद परिजन और समाज के लोगों ने मांगों को पूरा करने का लिखित पत्र मांगा रहे है। इनका कहना है कि लिखित पत्र मिलने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार करेंगे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने स्थानीय विधायक सचिन पायलट मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की मौजूदगी में ये नारेबाजी हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत अन्य लोगों ने बात कर नारेबाजी रोकी।

### तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

हेड कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा किसान परिवार से थे। तीन भाइयों में वे सबसे छोटे थे। खुशीराम के 2 बेटे और 1 बेटी है। बड़ा बेटा हिमांशु 5 साल का है। उससे छोटी बेटी गरिमा 3 साल और सबसे छोटा बेटा डेढ़ महीने का है, जिसका अभी तक नाम भी नहीं रखा गया है। साल 2008 में खुशीराम पुलिस में भर्ती हुए थे। 2011 में निवाई क्षेत्र के बिछपुड़ी गांव में उनकी शादी हुई थी।

### कलेक्टर बोलीं- पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी

कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि हेड कॉन्स्टेबल की ट्रैक्टर-ट्रॉली से मौत मामले में लोगों ने ज्ञापन दिया है। इस मामले में नियमानुसार पीड़ित परिवार को मदद की जाएगी। कलेक्टर की अभिशंषा पर हेड कॉन्स्टेबल के बच्चों को अच्छी स्कूल में एडमिशन दिलाया जाएगा। जो मांगें राज्य स्तर पर पूरा होने की है, वे जयपुर भेज दी है।

## 81 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रहन द्वारा सवाईमानसिंह अस्पताल के ट्रोमा ब्लड बैंक यूनिट के सहयोग से आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 81 जनोने रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल कायम की। बुधवार को सुभाष सर्किल पर नगरपालिका कार्यालय भवन के सामने शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के मार्गदर्शक एवं पीड़ित मानव की सेवा के अनुभवी पवन जैन संगम ने आम जन को प्रेरित करते हुए बताया कि रक्तदान महान पुण्य का कार्य होता है। क्योंकि दान किए हुए रक्त से जरूरत होने पर किसी की जान बचाई जा सकती है। क्जब अध्यक्ष अमित विजय ने बताया कि शिविर में 98 जनो ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया। यूनिट के आए विशेषज्ञो के दल ने 81 जनो को रक्तदान के लिए योग्य पाया। जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान कर महान पुण्य का कार्य किया। शिविर के दौरान अध्यक्ष अमित विजय, सचिव नरेश काबरा, राकेश जैन नेवटा, महेश गुप्ता, अरूण काबरा, भागचन्द जैन, सीताराम वैष्णव, गणेश शर्मा, सुनील जेन, राकेश टोरड़ी, राजेश पारीक, सुमेर बड़जात्या, अरविन्द काबरा, रामबाबू विजय, पुष्पेन्द्र पारीक, मनोज जैन व रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के अध्यक्ष डॉ. अकिंत जैन, सहित क्लब के अन्य सभी सदस्य मौजुद रहे।

## सिरस ने जीता फाइनल मैच



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव सिरस में केशव नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को समारोह पूर्वक हुआ। कमेटी अध्यक्ष शिवचरण योगी व धर्मराज जकड़ में बताया की फाइनल मैच सिरस वर्षेज खेड़ी मानपुर के बीच खेला गया जिसमें खेड़ी मानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिरस को 112 रन का लक्ष्य दिया। जिसको सिरस टीम ने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच योगाचार्य अशोक लांगडी रहे। उन्होंने 4 विकेट के साथ नाबाद 45 रन बनाए। विजेता टीम के कप्तान शिवराज गुर्जर को 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम खेड़ी मानपुर को 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सगीर बंजारा, मोनू चौधरी, आर्यन, बबलू व डब्बू सहित कई खिलाडी मौजूद थे।

## नकदी सहित लाखों रूपए के आभूषण पार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** मीणा छात्रावास के पास स्थित सूर्यनगर में मंगलवार की शाम एक सूने मकान के ताले तौडकर चोर नकदी सहित लाखों रूपए के आभूषण चुराकर ले गए। पुलिस ने बताया कि पीड़ित मुकेश पुत्र रामअवतार सैन निवासी डूंगरपाडा सवाईमाधोपुर हाल निवासी सूर्य नगर मीणा छात्रावास ने मामला दर्ज करवाया है कि चोर मकान का ताला तौडकर 40 हजार रूपए की नकदी, सोने का मंगल सूत्र, चांदी की पायल, चांदी की चैन, अंगुठी, बिछीया, फोलरी, चांदी का सिक्का सहित अन्य सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## मालपुरा में सघन पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कलक्टर करेगी सम्पूर्ण उपखण्ड क्षैत्र में एक लाख पौधे लगाए जाने का है लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** बी.एल. चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में एक लाख पौधे लगाए जाने के अभियान का शुभारम्भ 9 जुलाई को राउमावि के खेल प्रागंण से जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा करेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बी.एल. चौधरी चेरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक एवं भामाशाह बी.एल. चौधरी देशमा ने बुधवार को बताया कि ट्रस्ट द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र को शुद्ध पर्यावरण की दृष्टि से सम्पूर्ण क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाए जाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान के पांच से छ फुट के करंज एवं अर्जुन की छाल के पौधे उत्तर प्रदेश से मंगवाए जा चुके हैं। ये सभी पौधे पहुंच चुके हैं एवं पौधारोपण कार्यक्रम को देखते हुए पौधो की सार संभाल की जा रही है। चौधरी ने बताया कि मालपुरा क्षैत्र में आयोजित किए जाने वाले सघन पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर ट्रस्ट का प्रतिनिधिमंडल जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा से मिला। प्रतिनिधिमंडल में उनके अलावा रामधन जावल्या पीपलू, किशनलाल देशमां सहित अन्य कई पर्यावरण प्रेमी शामिल थे।



जिला कलक्टर से मिलते समय ट्रस्ट की ओर से मालपुरा में आयोजित किए जाने वाले सघन पौधारोपण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ट्रस्ट ने इस शुभ कार्यक्रम के शुभारम्भ के लिए जिला कलक्टर से अनुरोध किया। जिस पर जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ट्रस्ट के सघन पौधारोपण अभियान की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए अभियान को सफल की कामना की। साथ ही ट्रसट की भावनाओं को देखते हुए जिला कलक्टर झा ने अभियान के शुभारम्भ के मौके पर आने की स्वीकृति प्रदान की। जिला कलक्टर की ओर से मिली स्वीकृति के अनुसार ट्रस्ट द्वारा आयोजित किए जाने वाले सघन पौधारोण अभियान का शुभारम्भ 9 जुलाई मंगलवार को राउमावि मालपुरा के खेल प्रागंण से जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा द्वारा किया जाएगा। बी.एल.चौधरी देशमां ने बताया कि सघन पौधारोपण कार्यक्रम के शुभारम्भ के लिए ट्रस्ट की ओर से जिला पुलिस अधीक्षक को भी पत्र सौंपा गया है। जहां से स्वीकृति मिलना शेष है। चौधरी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान में सहयोग करने वाले क्षैत्र के सभी कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों को ट्रस्ट की ओर से एक आकर्षक टी शर्ट उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी। अभियान को सफल बनाने एवं मालपुरा क्षैत्र को पर्यावरण की दृष्टि से शुद्ध रखने के लिए आयोजित अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग अपेक्षित है। चौधरी अभियान के दौरान लगाए जाने वाले पौधो की आगामी दो वर्ष तक रक्षा करने, पानी देने सहित अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाऐं ट्रस्ट ओर से की जाएगी।

## मॉडल स्कूल निवाई के 6 विद्यार्थियों का एनएमएमएस 2024 में चयन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई के 6 विद्यार्थियों का एनएमएमएस परीक्षा में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों का विद्यालय पहुंचने पर संस्था प्रधान कुम्भाराम चौधरी द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि स्थानीय विद्यालय से विगत 4 सालों से लगातार इस परीक्षा के लिए प्रतिवर्ष 8 से 10 विद्यार्थी चयनित होते आए हैं।



इस परीक्षा के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर बच्चों की तैयारी कराई गई थी जिसमें बच्चों और स्टाफ की मेहनत से नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में विद्यालय से निष्ठा सेवानी, ऐलिना चौधरी, रामसिंह मीणा, हर्षित शर्मा, चैताली अटल, प्रिया धोबी ने ऑल राजस्थान में निर्धारित 5 हजार 470 सीटों में से स्थान प्राप्त किया है। इनको कक्षा 9 से 12 तक राजकीय विद्यालय में अध्ययन करने पर प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए लगातार 4 वर्षो तक कुल 48 हजार रूपए निर्धारित मानदंड पूरा करने पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से इसी वर्ष से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रभारी रमेशचंद मीणा, जीशान अहमद, व्याख्याता विनोदकुमार शर्मा, ललित बेनीवाल, योगेशकुमार शर्मा, विकास गुर्जर, अंकिता राजावत, कुंती शर्मा, आरती तिवारी, सुनीता गुर्जर, मदनमोहन मीणा, राजवीर चौधरी, सोनू सोनी, पूजा चंदेला, अमित शर्मा, कालूराम मीणा व मनप्रीत मीणा सहित समस्त स्टाफ मौजूद थे।

## तीन डंपरों में भिड़ंत, चालक घायल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई/ गुंसी(नि.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव गुंसी में बुधवार की सुबह एक के बाद एक करके तीन डंपरो में भिड़ंत हो गई। सूचना पर सदर थाना प्रभारी जयमल सिंह ने मौके पर पंहुचकर घायलों को स्थानीय राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया। थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव गुंसी में बुधवार की सुबह करीब 3 बजे टोंक की ओर से जयपुर की ओर जा रहे डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे पीछे से आ रहे डंपर ने उसके टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि आगे चल रहे डंपर के चालक आनन फानन में डंपर को भगा ले गया व क्षतिग्रस्त डंपर सडक के बीच में खडा रह गया।

इसी दौरान सुबह करीब 5 बजे उसी क्षतिग्रस्त डंपर के पीछे से आ रहे बजरी के डंपर ने टक्कर मार दी जिससे डंपर क्षतिग्रस्त हो गया व चालक डंपर में फंस गया जिसको ग्रामीणों की सहायता से निकालकर राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि दोनों डंपरों को क्रेन की सहायता से साईड में खडा करवाकर सडक मार्ग को सुचारू करवाया। उन्होंने बताया कि घायल चालक कालूराम प्रजापत निवासी मंडा की चिंताजनक स्थिति होने पर चिकित्सकों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हरे भरे कल के सपने के साथ बच्चों ने जंगल में फेंकी सीड बॉल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी की प्राचार्य डॉ कुसुम कौशिक ने बताया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में कार्यरत पर्यावरण प्रेमी अनुपम तिवारी ने 640 बेर करंज अमलतास, बील, सहजन, गुलमोहर, इमली व पीपल के बीजों से तैयार मिट्टी के लड्डू बनाकर विद्यालय में दिए। उन्होंने बताया कि बुधवार को विद्यालय के बच्चों ने जंगल में जाकर सीड वॉल फेंकी। विज्ञान शिक्षक राजकुमार बैरवा ने बताया कि मानव श्रम की मदद से पौधा रोपण खर्चीला और मुश्किल होता है।

## काला दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल कार्यालय में आपातकाल के चालीस वर्ष पूर्ण होने पर काला दिवस मनाया। बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्स त्रिलोक चन्द जैन की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एडवोकेट विनय जैन ने आज के चालीस वर्ष पूर्व देश में लगी आपातकाल काला धब्बे के समान हैँ। मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा आपातकाल के दौरान किए गए अत्याचारो कें बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में नोरत बीलवाल, दिनेश शर्मा, बाबूलाल नावरिया, रामचन्द्र नामा, महेश शर्मा, चम्पालाल सुराशाही, मनोहरदास सिंधी सहित अनेक भाजपाई मौजुद रहे।

## मॉडल स्कूल में प्राइमरी स्तर के लिए प्रवेश प्रक्रिया कल से होगी शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के सदरपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल के प्राइमरी स्तर के लिए प्रवेश की प्रक्रिया 5 से शुरू होकर 12 जुलाई तक चलेगी। प्रधानाचार्य हंसराज जाट व शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि सरकार व शिक्षा विभाग से मिले निर्देशानुसार सीबीएसई प्रणाली से संचालित सरकारी स्तर के मॉडल स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक प्राइमरी स्तर के अध्ययन के लिए प्रवेश की प्रक्रिया 5 जुलाई शुक्रवार से शुरू होगी। स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के लिए शिक्षा विभाग की ओर से मॉडल स्कूल में प्रवेश के लिए तय मानको व मापदण्डो के अनुसार होगें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कक्षा के लिए 40 विद्यार्थियो का प्रवेश होगा। मॉडल स्कूल के कक्षा 1 से 5 तक के प्रवेश के लिए अभिभावक स्कूल समय व कार्य दिवस के दिन प्रवेश प्रभारी बनवारीलाल से सम्पर्क कर बच्चो का पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण 12 जुलाई तक चलेगा। गौरतलब है कि सरकार ने माडल स्कूलो में प्राइमरी स्तर के लिए भवन तो दो वर्ष पूर्व ही बना दिए थे।

# पांच जुलाई से जयपुर में जड़ाऊ गहनों और रंगीन रत्नों का भव्य संसार सजेगा

## इस बार 275 बूथ पर रंगीन रत्न और खूबसूरत रत्न आभूषणों का होगा नायाब नजारा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से पांच से सात जुलाई तक सीतापुरा के जेईसीसी में जेएएस-2024 में जयपुर के जड़ाऊ गहनों और रंगीन रत्नों का भव्य संसार सजने जा रहा है। जिसके चलते बुधवार को ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के पदाधिकारियों ने एक पोस्टर विमोचन किया। जेएएस-2024 देश के सबसे बड़े बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) शो में से एक है। यह ग्लोबल ज्वैलरी ट्रेड में जेएएस 2024 अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शीर्ष प्लेटफॉर्म है। जहां जयपुर के ज्वैलर्स और रत्न व्यवसायी अपनी ज्वैलरी के साथ प्रेसियस और सेमी प्रेसियस कलर स्टोन का प्रदर्शन करने वाले हैं। ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के उपाध्यक्ष एवं सह-संयोजक जेएएस (जस) राजू मंगोड़ी वाला ने बताया कि



यह शो अपनी भव्यता का नया कीर्तिमान रचने वाला है। इस बार यह शो चालीस प्रतिशत ज्यादा विस्तृत और विशाल होगा। इसमें इस बार 275 बूथ पर रंगीन रत्न और खूबसूरत रत्न आभूषणों का नायाब नजारा होगा। इसमें 161 बूथ जेमस्टोन और 114 बूथ ज्वेलरी के होंगे। जस- 2024 में जयपुर के सभी प्रतिष्ठित ज्वैलर और रत्न व्यवसायी अपने बूथ लगा रहे हैं साथ ही दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, मेरठ जैसे शहरों से भी 14 से ज्यादा एग्जीबिटर्स भी इसमें भाग ले रहे हैं। शो में भाग लेने के लिए दुनियाभर के 15 सौ से ज्यादा ट्रेड बायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। संयोजक (जस) अशोक माहेश्वरी ने बताया कि जस -2024 में इस बार जयपुर की कुंदन- मीना पोलकी की जड़ाऊ ज्वेलरी का भव्य प्रदर्शन होगा। कुंदन- मीना- पोलकी के जड़ाऊ आभूषण जयपुर की पहचान हैं और विश्व भर में करोड़ों लोग जयपुर की कुंदन-मीना- पोलकी आभूषणों के दीवाने हैं। इस बार जयपुर के ज्वैलर्स ने श्रौ-2024 के लिए कुंदन- मीना- पोलकी जड़ाऊ ज्वेलरी के लिए मॉडर्न डिजाइन और लेटेस्ट पैटर्न तैयार किए हैं, जिनका इस शो में प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा डायमंड और जेम स्टोन ज्वैलरी के अब तक के सबसे शानदार डिजाइन इस शो में प्रस्तुत किए जाएंगे। शो में स्वर्णाभूषण की विस्तृत रेंज और डिजाइन प्रदर्शित किया जाएंगे। सिल्वर ज्वैलरी और ऑर्नामेंट भी देश विदेश के ट्रेड बायर्स को आकर्षित करेंगे। जस-2024 इस बार अपने एग्जीबिटर्स के साथ ट्रेड बायर्स के समक्ष जयपुर की ऐतिहासिक मेहमाननवाजी की नई मिसाल पेश करेगा। हमारे सम्मानित ट्रेड बायर एग्जीबिशन परिसर में विशाल बूथ पर शानदार ट्रेडिंग और नेटवर्किंग एक्सपीरियंस कर सकेंगे। इसके साथ यहां जेएएस रॉयल लाउंज भी बनाया जाएगा। जिसमें ट्रेड बायर्स की लग्जरी और कम्फर्ट का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां टी, कॉफी, जूस और स्नैक्स के साथ बिजनेस मीटिंग की जा सकती हैं। शो के दौरान 5,6,7 जुलाई को लंच में राजस्थानी व्यंजनों के साथ पंजाबी और कॉन्टिनेंटल फूड के खास इंतजाम किए गए हैं, ताकि यहां आने वाले दुनियाभर के बायर जयपुर के स्वाद और मेहमाननवाजी का हमेशा याद रखें। इसके अलावा जेएएस में सुरक्षा की चाक- चौबंद व्यवस्था की गई है। पूरा शो परिसर 24 घंटे थ्री लेयर सुरक्षा घेरे में रहेगा। ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर अध्यक्ष आलोक सौखिंया ने बताया कि जस 2024 का उद्घाटन पांच जुलाई को सुबह ग्यारह बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कर सकते है। इसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता मंत्री गौतम दक, पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, सांसद मंजू शर्मा, सांसद दामोदर दास अग्रवाल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, विधायक गोपाल शर्मा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता, मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता, आयकर आयुक्त रोली अग्रवाल भी शो की शोभा बढ़ाएंगे।

## शादी का झांसा देकर ठगी करने वाली नावा जिला नागौर की साठ्या गैंग की लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाली नावा जिला नागौर की साठया गैंग की एक लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी लुटेरी दुल्हन से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर पच्चीस लाख रुपये की ठगी करने वाली नावा जिला नागौर की साठया गैंग की लुटेरी दुल्हन फुला देवी (38)निवासी फुलेरा जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ में सामने आया है कि उसने और अपनी मौसेरी बहन सुनिता निवासी रेनवाल जिला जयपुर ने साठया गैंग से मिलकर कोटखावदा निवासी पीडित बुधाराम स्वामी के दो बेटो की शादी का झांसा देकर कई रस्मों का रूप में अलग-अलग बार में पच्चीस लाख रुपये की ठगी वारदात को अंजाम देना कबूला है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है। थानाधिकारी कोटखावदा अब्दुल वहीद ने बताया कि इस संबंध में 19 सितम्बर 2022 को पीडित ने मामल दर्ज करवाया था कि उसके बेटों की शांदी का झांसा



देकर साठया के सदस्य रेवत लूहारिया,रूकमादेवी,मैनादेवी,बबलू,रतन जाट,सुमन उर्फ फुलादेवी और सुनीता ने अलग-अलग बार में शादी की रस्म अदायगी और अलग-अलग बातों में झांसा देकर पच्चीस लाख रूपये की ठगी कर ली। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। जिसके चलते इस मामले मे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश जा रही है।

## श्योपुर गाँव तत्कालेश्वर मन्दिर में सहस्त्र घट का आयोजन 56 भोग और 1100 दीपकों से महाआरती का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सांगानेर के श्योपुर गाँव के तत्कालेश्वर मन्दिर में सहस्त्र घट ,56 भोग और 1100 दीपकों से महाआरती भव्य आयोजन हुआ । पण्डित आचार्य श्री रमेश शर्मा ने मंत्रों उच्चारण से सहस्त्र घट कर के भगवान शिव का नाना प्रकार के सुगंधित द्रव्यों और फलों के रसों से भोलेनाथ का अभिषेक वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ करवाया गया । सहस्त्र घट के पश्चात भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर फूल बंगला झांकी सजाई भोलेनाथ को शीतलता प्रदान करने वाले फलों मीठे व्यंजनों का भोग लगाया मंदिर में विराजमान राम दरबार की पूजा अर्चना कर छप्पन भोग की झांकी सजाई । इस मौके पर भक्तों ने 1100 दीपकों से भगवान की महाआरती की । आयोजक महावीर टेलर ने रुद्राभिषेक में शंकर भगवान के रुद्र अवतार की पूजा की . यह भगवान शिव का प्रचंड रूप माना जाता है जो समस्त ग्रह बाधाओं और समस्याओं का नाश करता है.। रुद्राभिषेक का अर्थ है भगवान रुद्र का अभिषेक करना. रुद्राभिषेक में शिवलिंग को पवित्र स्नान कराकर उसकी पूजा-अर्चना की जाती है । भगवान के महाभोग का भोग लगाकर भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की ।



## अवैध हथियार पिस्टल मय दो कारतूस सहित हरलाल पूनिया उर्फ शूटर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है और उसके पास से अवैध हथियार पिस्टल मय दो कारतूस सहित देशी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरलाल पुनिया उर्फ शूटर निवासी रतनगढ़ जिला झुंझुनू को गिरफ्तार किया है और



उसके पास से अवैध हथियार पिस्टल मय दो कारतूस सहित देशी कट्टा जब्त किया है। आरोपी हरलाल अवैध शराब की तस्करी पंजाब से गुजरात करता है और वापसी में मादक पदार्थ का परिवहन भी करता है। इसके अलावा दो मामलों में गुजरात से पांच साल से वांछित है। साथ ही जयपुर ग्रामीण गोविंदगढ़ और राज देलसर में वांरटी है। आरोपी शराब तस्करी के काम में शूटर के नाम से जाना जाता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## ग्यारह बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 11 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियां को पूर्णत: ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बेनाड़ रोड़ झोटवाड़ा ग्राम बोयतावाला, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''प्रेम नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही बुधवार को जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ



की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उन्होंने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खोराबिसल से जयरामपुरा रोड़ गैस लाईन के पास जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''ओम वाटिका-25'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर फार्महाऊस योजना हेतू रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल् व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खोरा दौलतपुरा रोड़, पैंथर स्टेडियम के पास जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

## पुलिस मुख्यालय में एलडीसी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 75 हजार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पुलिस मुख्यालय में एलडीसी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर एक युवक से 75 हजार ठगने का मामला सामने आया है। पीडित ने इस सम्बंध में ज्योति नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। जांच अधिकारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि रोहतक हरियाणा निवासी अनिल कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि मनीष उर्फ राहुल उर्फ कालू ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे पुलिस मुख्यालय में एलडीसी के पद नौकरी लगाने के नाम पर उससे 75 हजार रुपए ठग लिए। ठगी का पता उसे पुलिस मुख्यालय ज्वाइनिंग के लिए जाने पर लगा। इस पर पीडित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की कर रहे है।

## डिलीवरी बॉय ले गया व्यापारी की साढ़े तीन लाख रुपए से भरी थैली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना इलाके में एक डिलीवरी बॉय व्यापारी के साढ़े तीन लाख रुपए से भरी थैली लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डिलीवरी बॉय की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी वासुदेव ने मामला दर्ज करवाया कि वह फल-सब्जी का व्यापार करता है। वह दुकान से साढ़े तीन लाख रुपए लेकर घर आया था। वह अपने फ्लैट पर जाने के दौरान लिफ्ट में रुपयों से भरी थैली भूल गया। जैसे ही वह अपने फ्लैट पहुंचा तो उसे थैली याद आ गई। इस पर वह वापस आया तो रुपए नहीं मिले। इसी दौरान वहां पर एक डिलीवरी बॉय खाने का ऑर्डर देने आया था जो कि वह रुपयों से भरी थैली ले गया। यह घटना फ्लैट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घटना 1 जुलाई की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## धन के दाता शुक्र ग्रह बारह जुलाई को कर्क राशि में करेंगे प्रवेश

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर (का.स.)।** जुलाई माह में कई प्रमुख ग्रहों की चाल में बदलाव देखने को मिलेगा। ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से जुलाई का महीना बहुत ही खास रहने वाला होगा। इस माह सबसे पहले सुख, वैभव और धन के दाता ग्रह शुक्र कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। जहां पर बुध के साथ युति बनाएंगे। पराक्रम, शक्ति, साहस और उत्साह के कारक ग्रहों के सेनापति मंगल भी इस माह अपनी चाल बदलने वाले हैं। बारह जुलाई को मंगल गोचर कर शुक्र की राशि वृषभ में प्रवेश कर जाएंगे। इससे चार राशि के लोगों की किस्मत चमक उठेगी। इन्हें नौकरी में तरक्की मिलने वाली है और व्यापार में भी बड़ा लाभ होगा। मंगल शुक्रदेव की राशि वृषभ राशि में गोचर करेंगे। जहां पर सूर्य और गुरु के साथ युति बनेगी। इसके बाद सूर्यदेव का राशि परिवर्तन होगा जो मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में गोचर करेंगे। वहीं बुध कर्क राशि से निकलकर सूर्यदेव की राशि सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। फिर महीने के आखिरी दिनों में एक बार फिर शुक्र राशि परिवर्तन करते हुए सिंह राशि में प्रवेश कर जाएंगे। पंडित शैलेश शास्त्री (ज्योतिषाचार्य) ने बताया कि जुलाई माह में ग्रहों की चाल का प्रभाव सभी राशियों के जातकों के जीवन पर पड़ेगा। जहां पर कुछ राशि वालों को किस्मत का अच्छा साथ मिलेगा। नौकरी और कारोबार में इन्हें अच्छी सफलता हासिल होंगी। पराक्रम, शक्ति, साहस और उत्साह के कारक ग्रहों के सेनापति मंगल अपनी चाल बदलने वाले हैं। 12 जुलाई को मंगल गोचर कर शुक्र की राशि वृषभ में प्रवेश कर जाएंगे।

## गुप्त नवरात्रि 6 जुलाई से प्रारंभ मां भगवती की होगी गुप्त साधना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा छह से पन्द्रह जुलाई तक गुप्त नवरात्र में मां भगवती की गुप्त साधना होगी। गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा का आगमन अश्व पर होगा। तंत्र साधना के लिए गुप्त नवरात्र का विशेष महत्व है।

गुप्त नवरात्र का समापन पन्द्रह जुलाई (भड़ल्या नवमी) को होगा। इस तिथि को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, इस कारण इस दिन विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, भूमि पूजन जैसे शुभ काम मुहूर्त



देखे बिना ही किए जा सकते हैं। इसके चलते आमेर की शिला माता, मनसा माता, पुरानी बस्ती के रुद्र घंटेश्वरी, घाटगेट श्मशान स्थित काली मंदिर, दुर्गापुरा स्थित दुर्गामाता मंदिर में गुप्त नवरात्र में विशेष अनुष्ठान होंगे। मां काली के उपासक इस अवधि में रात्रि को तंत्र साधना करेंगे।

ज्योतिषाचार्य पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि गुप्त नवरात्रा में नौ महाविद्याओं मां काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, मां बगलामुखी, मातंगी देवी की साधना की जाती है। उल्लेखनीय है कि साल में चार नवरात्रि होते है। चेत्र और आश्विन में प्रकट नवरात्रि तथा आषाढ़ और माघ मास में गुप्त नवरात्र होते हैं।

## बुध प्रदोष पर परकोटा गणेश मंदिर में सजी फूल बंगला झांकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बुध प्रदोष के उपलक्ष में चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में फूल बंगला झांकी का आयोजन हुआ। मंदिर महंत राहुल शर्मा ने के सानिध्य में भगवान का पंचामृत से फलों के रसो से प्रथम पूज्य का अभिषेक कर नवीन चोला पोशाक धारण कराई। युवाचार्य अमित शर्मा ने बताया कि भगवान के ऋतु पुष्पों और सुगंधित फूलों और मोगरे के फूलों से प्रथम पूज्य का फूल बंगला सजाया। भगवान को शीतलता प्रदान करने वाले शीतल फलों का भोग लगाया। पूरे मंदिर परिसर को मोगरे और इत्र की खुशबू से महकाया। इस मौके पर भक्तों के द्वारा गणपति स्त्रोतके पाट किए। बड़ी संख्या में भक्तों ने फूल बंगला झांकी के दर्शन कर पूजा अर्चना की प्रदेश में सुख समृद्धि और अच्छी बारिश की कामना की। भगवान की महाआरती के कर भजन संध्या आयोजित हुई। स्थानीय गायक कलाकारों के द्वारा भगवान गणपति का गुणगान हुआ। मंदिर में पधारे भक्तों को लड्डू प्रसादी वितरित की गई। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और लाइटिंग से सजाया।



## बीस लाख रुपये के कपडे से भरी हुई पिकअप चोरी करने वाले गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीस लाख रुपये के कपडे से भरी हुई पिकअप चोरी करने वाले दो बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से पिकअप सहित बीस लाख रुपये का कपडा भी बरामद किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित पूर्व में पकडे चोरी के मामले में चालान शुदा है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीस लाख रुपये के कपडे से भरी हुई पिकअप चोरी करने वाले सुनील खटीक और शाहिद खान को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपी मुहाना इलाके के रहने वाले है। जिनके पास से पुलिस ने पिकअप सहित बीस लाख रुपये का कपडा भी जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## जेकेके में 5 जुलाई को लोक गायन संध्या रामकुमार मालूणी और समूह के कलाकार देंगे प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से मधुरम के अंतर्गत लोक गीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 5 जुलाई को शाम 7 बजे रंगायन सभागार में प्रस्तुति का आयोजन होगा। इसमें मालपुरा टोंक से आने वाले रामकुमार मालूणी और समूह के कलाकार अपनी सुरीली आवाज का जादू दिखाएंगे। यह कार्यक्रम केन्द्र की ओर से जुलाई माह में चलने वाली श्रृंखला जुलाई झनकार का हिस्सा है। जुलाई झनकार में मानसून को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुतियों का आयोजन होगा। गौरतलब है कि केंद्र की ओर से लोक कलाओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हाल ही कबीर वाणी की प्रस्तुति में इंदौर के राजमल मालवीय और जैसलमेर के महेशाराम मेघवाल समूह के कलाकारों में संत कबीर की सीख से सभी को सराबोर किया।

# हरा-भरा होगा चूरू, लगेंगे 18 लाख 76 हजार 822 पौधे

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की 'ट्री आउटसाइड फोरेस्ट इन राजस्थान' अभियान की मंशा के अनुसार जनसहभागिता से सफल होगा वृक्षारोपण अभियान

बढ़ता राजस्थान




**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदेश में प्रकृति के संरक्षण व हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने की मंशा के साथ चूरू के भौगोलिक परिदृश्य को हरियाली से आच्छादित करने के लिए जिले के सभी विभागों के समन्वय से 18 लाख 76 हजार 822 पौधे लगाए जाएंगे। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा की गई बजट घोषणा 2024-25 में 'ट्री आउटसाइड फोरेस्ट इन राजस्थान' योजना के तहत चूरू वन विभाग की 14 नर्सरियों में 11 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इसी क्रम में महात्मा गांधीनरेगा योजनान्तर्गत 5 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग द्वारा 350 हैक्टेयर भूमि में 1.85 लाख पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग की नर्सरियों में तैयार किए गए पौधे जनसाधारण को न्यूनतम दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

**जनसाधारण को वितरण के लिए तैयार किए 11 लाख पौधे :** जनसहभागिता से वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु वर्ष 2024-25 के लिए जिले में वन विभाग की 14 नर्सरियों में वितरण हेतु 11 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इन पौधे में नीम, बेर, खेजड़ी, शीशम, रोहिड़ा, सहजना, अरडू, बरगद, पीपल, बिलपत्र, लसोड़ा, झिंझा, शहतूत, अशोक, गुलमोहर, केसिया सेमिया, कचनार, नींबू, अमलतास, आंवला, जामुन, इमली, अमरूद, अनार, करंज, बकायन, मीठा नीम, जाल आदि छायादार व फलदार प्रजाति के 12 माह के 8 लाख 80 हजार 750 पौधे तथा 24 माह के 2 लाख 19 हजार 252 पौधे तैयार किए गए हैं।

**इन 14 नर्सरियों से प्राप्त कर सकेंगे पौधे :** चूरू जिले की राजगढ़ रेंज की चांदगोठी नर्सरी में 25000, रेंज कैम्पस राजगढ़ में 90750, बीड़ राजगढ़ लीलकी में 85000, रतनगढ़ रेंज की रतनगढ़ नर्सरी में 60000, राजलदेसर नर्सरी में 65335, तारानगर रेंज की तारानगर नर्सरी में 108317, भालेरी नर्सरी में 1 लाख, चूरू रेंज की चूरू मुख्यालय नर्सरी में 35000, पीएमसी नर्सरी चूरू में 75000, गाजसर नर्सरी में 25000, सरदारशहर रेंज की सरदारशहर रेंज कैम्पस नर्सरी में 147645, बंधनाऊ नर्सरी में 38940 तथा सुजानगढ़ रेंज की गोपालपुरा नर्सरी में 95000 व साण्डवा नर्सरी में 149015 पौधे जन साधारण को उपलब्ध कराने के लिए तैयार किए गए हैं।

**क्यूआर कोड से पौधों की उपलब्धता की जानकारी :** आमजन को नर्सरी में पौधों में उपलब्धता की जानकारी हेतु क्यूआर कोड लगाए गए हैं। पौधे लेने के लिए नर्सरी में आने वाले आमजन द्वारा क्यूआर कोड स्कैन की ऑनलाइन पौधों की प्रजाति, उंचाई व पौधों के स्टॉक की जानकरी देख सकते हैं। सभी नर्सरियों में आमजन की सुविधा के लिए रेट लिस्ट भी चस्पा की गई हैं।

### जिले में 18 लाख 76 हजार 822 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य

वृक्षारोपण अभियान अन्तर्गत जिले में सभी विभागों के समन्वय एवं जनसहभागिता से 18 लाख 76 हजार 822 पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण अन्तर्गत जिले के 49 स्थानों पर 300 हैक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है, जिस पर महानरेगा योजनान्तर्गत सघन वृक्षारोपण किया जाएगा।

आपातकाल को लेकर जिला भाजपा की संगोष्ठी

# कांग्रेस का दोहरा चरित्र, संविधान की आत्मा को घायल कर अब हितैषी बनने का कर रही ढोंग : अजीत सिंह मेहता

बढ़ता राजस्थान




**टोंक ( का.स. )।** प्रदेश मे आपातकाल को लेकर भाजपा की तरफ से मनाये जा रहे 'काला दिवस' कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को टोंक जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता के नेतृत्व मे संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष मेहता ने संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश को काला दिवस दिया उस दौरान भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकार को छीन लिया गया। मीडिया में बोलने की आजादी पर पाबंदी लगा दी, विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को जेलों मे भर दिया गया, नसबंदी के नाम पर अत्यचार किए गए। वही कांग्रेस जिसने संविधान पर 90 बार से ज्यादा हमले किये वो आज संविधान बचाओ की नौटंकी कर देश को गुमराह करने का काम कर रही है। संविधान का आदर सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने किया, संविधान के निर्माता बाबा साहब को सच्चा सम्मान दिया तो भारतीय जनता पार्टी ने दिया, कांग्रेस ने भारत रत्न तक नहीं दिया था ये काम भी भारतीय जनता पार्टी ने किया। अजित सिंह मेहता ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा संसद मे सम्पूर्ण हिन्दू समाज को हिंसक बताये जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई और कहा की हिन्दू समाज देश की आत्मा है। कार्यकर्म में भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक संगत ने लोकतंत्र पर हुए इस हमले को लेकर कांग्रेस के दोहरे चरित्र पर करारा प्रहार किया। संगोष्ठी को जिला प्रमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम लाल जैन व अन्य नेताओं ने भी सम्बोधित किया। मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर पूर्व प्रधान जगदीश गुर्जर, जय नारायण वर्मा, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, कार्यक्रम सयोंजक रमेश गडवाल पार्षद बादल साहू, राजेश शर्मा, महेन्द्र चौधरी, पुष्पेंद्र जैन, सुनील जैन, महेन्द्र सिरोठा, विष्णु चावला, जिला. मीडिया सह सयोंजक प्रियवीर सिंह गौरव चारण, रविंद्र कुमावत, भंवर सिंह, सीताराम चावला, नरेन्द्र अजमेरा,विश्वजीत राठौर पंकज सैनी रामावतार किर,चौथमल विजय, दिलीप सिंधी, मोनू जांगिड़, तारिक अजीज, हसीन तोसीफ, कालू काबरा,हर्षित शर्मा, बुध्दि प्रकाश जीतू सैनी तारिक अजीज ,शिवराज चावला, राम शर्मा, भवानी सैनी,अंकित शर्मा, सहित अनेको कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे।

# सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा मामला महिला टीचर बरसाना तो ढाका और बेनीवाल हैदराबाद में काट रहे थे फरारी

## कोर्ट ने चार दिन के रिमांड पर एसओजी को सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 समेत छह से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में तीन आरोपी ओमप्रकाश ढाका, सुनील बेनीवाल और शम्मी बिश्नोई को एसओजी ने बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां पर उन्हें 15 दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। मंगलवार को जोधपुर की साइक्लोन टीम ढाका और बेनीवाल को हैदाराबाद से पकड़ जयपुर लाई थी। वहीं सरकारी टीचर शम्मी को जोधपुर से डिटेन कर लिया था। तीनों को मंगलवार रात में एसओजी को सौंप दिया था। जोधपुर आईजी विकास कुमार ने बताया कि ढाका और बेनीवाल हैदराबाद के एक फ्लैट में छिपे थे, जहां से उन्हें एक फ्लैट से पकड़ा। वहीं शम्मी बरसाना में फरारी काट रही थी और मंगलवार को टीम उसे लेकर जोधपुर पहुंची थी। उनकी टीम पिछले दो महीने में इन बदमाशों के पीछे थी। इस दौरान इनपुट मिला कि ढाका और बेनीवाल हैदराबाद के एक फ्लैट में छिपे थे। टीम को इसका इनपुट मिला तो गैस सप्लाई के बहाने फ्लैट में गए और वहां से दोनों को पकड़ा। जबकि सरकारी टीचर शम्मी बरसाना में गायों की शोभायात्रा में पहली बार देखी गई थी। इसके बाद उसे वहां के कई मंदिरों में देखा गया। इसी दौरान शम्मी को भी डिटेन किया गया। टीम पिछले दो माह से वांटेड बदमाशों के पीछे थी। चेन्नई में ढाका और बेनीवाल एक ही फ्लैट में रह कर फरारी काट रहे थे। पुलिस टीम ने कई दिनों तक इन की रेकी की। फिर गैस की सप्लाई देने के बहाने प्लैट में घुसे और दोनों को पकड़ा। वहीं शम्मी दो माह से बरसाना में थी। वह बरसाना में गायों की शोभायात्रा में पहली बार मिली, जिसके बाद कई मंदिरों में उसे देखा गया। इसी दौरान टीम ने उसे डिटेन किया। ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार रुपए, शम्मी बिश्नोई पर 70 हजार रुपए और सुनील बेनीवाल पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। तीनों पेपर लीक के मास्टरमाइंड हैं। इनकी तलाश राजस्थान पुलिस को काफी समय से थी। ओपी ढाका मुख्य आरोपी है। पेपर लीक माफिया जगदीश विश्नोई की गैंग को चलाने वाला हैंडलर है। ये पेपर लीक जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। वहीं शम्मी विश्नोई ने कई परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बैठाने का काम किया है। खुद भी कई परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बनकर बैठा है। वो खुद बालोतरा थाने का वांटेड भी है। सुनील भी डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षाओं में बैठा है। ये डमी कैंडिडेट भी उपलब्ध करवाता था। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी ने 38 एफआईआर दर्ज की है। इनमें 28 मामले डमी कैंडिडेट और बाकी फर्जी डिग्री और पेपरलीक के हैं। ये गिरोह इतना बड़ा है कि जो कैंडिडेट परीक्षा में सिलेक्ट हो जाता था, उनको फर्जी डिग्री तक दिला देते थे। पीटीआई भर्ती-2022 परीक्षा में भी 88 कैंडिडेट ऐसे थे, जिन्हें फर्जी डिग्री दिलवाई।

# मांगो को लेकर योग प्रशिक्षक उपमुख्यमंत्री बैरवा से मिले



बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** चूरू जिले से आयुष व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत योग प्रशिक्षको ने मंगलवार को विभिन्न मांगो को लेकर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात की व ज्ञापन सौंपा योग प्रशिक्षक सुरेश कुमार शर्मा व हंसराज उपाध्याय के नेतृत्व में योग प्रशिक्षकों का स्थायीकरण एवं वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर जयपुर पहुंचे जहां पर अखिल भारतीय राजस्थान योग प्रशिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अक्षय वैष्णव तथा चूरू से सुरेश कुमार शर्मा व हंसराज उपाध्याय की अगवायी में योग प्रशिक्षको ने डिप्टी सीएम आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा को मांगो से अवगत करवाया इसके बाद मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन सौंपा जिस पर अधिकारीयों ने सकारात्मक आश्वासन दिया। सभी योग प्रशिक्षको ने विरोध प्रदर्शन के दौरान योगाभ्यास भी किया।

# सरदारशहर विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों ने दिल्ली में विप्र समाज के नेताओं को किये परसा भेंट

बढ़ता राजस्थान



**सरदारशहर ( नि.स. )।** विप्र फाउंडेशन चुरु जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारियों आज परशुराम कुण्ड तीर्थोन्नयन के विशिष्ट सहयोगी केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, पर्यटन व संस्कृति मंत्री एवं चाऊना मीन , उप-मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश, प्रदेश भाजपाध्यक्ष व चितोड़ सांसद सी.पी.जोशी , जयपुर सासंद मंजु शर्मा, तथा विभिन्न नव-निर्वाचित सांसदों को सरदारशहर विप्र फाउंडेशन की तरफ से भगवान परशुराम जी के अस्त्र स्वरूप परसे भेंट किये गये। सम्मान कार्यक्रम डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेण्टर ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित स्वस्ति कामना समारोह कई मायनों में अभुतपूर्व रहा।

मात्र चार दिनों की तैयारी, कार्यदिवस होने के बावजूद लगभग तेरह सौ लोगों की भारी उपस्थिति में यह एक ऐतिहासिक और सफलतम आयोजन रहा। विप्र फाउंडेशन का मंच दो केंद्रीय मंत्री, नौ सांसद एवं अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति से सुशोभित था।संत, न्यायाधीश, आइएस, आईपीएस, आरएएस, सीबीआई अधिकारी, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल जैसे वरिष्ठ सेवारत अधिकारी पधारे। सबसे महत्वपूर्ण बात जो देखने मिली वह वहाँ उपस्थित लोगों का उत्साह व आपसी तालमेल था। एक परिवार की तरह विप्र फाउंडेशन के सदस्यों की आत्मीयता व अनुशासित उपस्थिति अतुलनीय थी।

देव दुर्लभ आयोजन व ऐतिहासिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक श्री सुशील ओझा का सानिध्य रहा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा प्रदेश महामंत्री सुनील मिश्र प्रधान प्रतिनिधि व जिला संरक्षक मधुसूदन राजपुरोहित सरदारशहर के युवा भामाशाह अशीष मिश्रा विकास डूमोली प्रोफेसर अरविंद गौड़ रमाकांत शर्मा विमल शर्मा एडवोकेट दीपक शर्मा राकेश शर्मा बरमसर नगर सरपंच अजय शास्त्री नीरज रामपुरा रामफल शर्मा रामचंद्र पंडित वासुदेव शर्मा सिधमुख दीपचंद शर्मा चिरंजीलाल पंडित मनोहर सिंह रामविलास शर्मा प्रशांत शर्मा राहुल रुतला वैध महेंद्र शर्मा विप्र फाउंडेशन सरदारशहर नगर अध्यक्ष अशोक पारीक सहित कई अन्य विप्र बन्धुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

# शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सोमिल चौधरी को एबीजी चेयरमैन अवॉर्ड से किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** आदित्य बिड़ला समूह (एबीजी) के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल (एबीपीएस) मोहनपुरा के छात्र सोमिल चौधरी की उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि को मान्यता दी। सोमिल ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान 12 वीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में असाधारण 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। सोमिल को सम्मानित करने के लिए एबीपीएस, मोहनपुरा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स के यूनिट हैड नितिन दुराफे ने आदित्य बिरला समूह के चेयरमैन की ओर से सोमिल को 01 लाख रुपये का चेक, प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया। दुराफे ने सोमिल व उसके माता-पिता को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सोमिल उत्तरी क्लस्टर क्षेत्र का एकमात्र छात्र है, जिसे चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला से शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए यह सम्मान मिला है।

उन्होंने कहा कि सोमिल की ये उपलब्धि लगातार प्रयास और दृढ निश्चय का परिणाम है। इस अवसर पर एफएच-एचआर संदीप शर्मा, डीएच-एचआर सुनीत सक्सेना, प्रधानाचार्य इंदुमती चक्रवर्ती भी उपस्थित रहे। सोमिल ने अपने माता-पिता, शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन के प्रति अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एबीपीएस के अंग्रेजी शिक्षक मुकेश पारिख ने किया।

# जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ 574 वे दिन जारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपूतली के ग्रामजोधपुरा-मोहनपुरा में जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ 574 वे दिन भी मन्दिर प्रांगण में बदस्तूर जारी रहाजोधपुरा( मोहनपुरा )कि संघन आबादी ,बसावटों व माध्यमिक विद्यालय से 82 मीटर की दूरी पर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा पत्थर पीसने का क्रेशर जो अबतक अवैध संचालित पायें जाने पर प्रशासन व पोल्यूशन विभाग व माइनिंग विभाग ने बंद करवाया है।उसको आबादी के नजदीक से हटाया जाये या गांव का पुनर्वास किया जाये कि मांग को लेकर ग्रामीण 9माह से भी ज्यादा समय से धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन दे रहे हैं।उपरोक्त मांगों को लेकर जोधपुरा संघर्ष समिति काअनिश्चितकालीन धरना 574 वें दिन भी जारी रहा जोधपुरा संघर्ष समिति सचिव कैलाश यादव ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा की जा रही तानाशाही के खिलाफ हम हमारे हक और अधिकारों की लड़ाई गांधीवादी तरीके से लड़ते रहेंगे विकास के नाम पर विनाश लीला नहीं चलेगी हम विकास के खिलाफ नहीं है पर यह जो विकास के नाम पर विनाश लीला अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा की जा रही है हम इसके खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे। धरना स्थल पर अनारी देवी, भावना देवी, मंजू देवी, चलती देवी, ललिता देवी, कविता देवी, कृपा देवी, उर्मिला देवी, शीतल देवी, सुमित्रा देवी, गीत देवी, विमला देवी, शर्मिला देवी, कमला देवी, बरजी देवी, मिश्री देवी, गुलाब देवी, कमला देवी, रेखा देवी, रीता देवी, लाली देवी, मेवा देवी, सविता देवी, राजबाला देवी, प्रियंका देवी, कामना देवी, रत्ना देवी, संतरा देवी, फूली देवी, रोशनी देवी, कृष्णा देवी, भारती, अनु, जिया, रिया, खुशी, पल्लवी, नेहा, रितिका, श्रेया, शिखा, हरभगत बाबूजी, रामनिवास योगी, विजय यादव, निहाल सिंह यादव, प्रभु दयाल गुरुजी, लीलाराम योगी, सुरेंद्र यादव, राकेश खोल पथरेड़ी, दिनेश यादव, सतपाल यादव, लीलाराम उर्फ मुलायम यादव, आदि अन्य सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

# निशुल्क चिकित्सक परामर्श शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले चौमहला कस्बे के महिलाओ की संस्था प्रयास ग्रुप द्वारा बुधवार को निशुल्क चिकित्सक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 250 मरीजों की जांच कर परामर्श दी गई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अथिति एसडीएम दिनेश कुमार मीणा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा,चौमहला चिकित्सालय प्रभारी डा राजकुमार वाघेला,ब्रह्मा कुमारी गीता दीदी,व्यापार संघ अध्यक्ष मनोहर ओसवाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष गोतम जैन ,दिनेश जैन ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शिविर में नवजीवन हॉस्पिटल भवानी मंडी के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ राजदीप सिंह छाबड़ा,शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञडॉ पंकज कुमार साहू, व नाक कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र सिंह झाला,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजु पाटीदार अपनी सेवाए दी। इस अवसर पर पारस कटारिया,सलामत अली फौजदार,सुरेंद्र कालरा,विमल कटारिया,जगदीश अग्रवाल,व्याख्याता ओम प्रकाश शर्मा,राजेश जैन नाकोड़ा,विनोद जैन,राजेश जैन राज , समरथ भंडारी,कान्हा राठौर,सहित प्रयास ग्रुप की महिला टीम के गुणमाला पिछोलिया,गरिमा ओसवाल,अल्पा सारड़ा,मंगला कटारिया,सपना कोठारी, ममता अग्रवाल ,राजेश्वरी अग्रवाल, पिंकी डोसी,मनीषा जैन, अंकिता पोरवाल ,नेहा सुमन, कविता व्यास ,प्रियंका कटारिया, सुनीता जैन, खूशबू संचेती मोजूद रही, ग्रुप की संचालिका गुणमाला पिछोलिया द्वारा सभी अथितियो का आभार प्रकट किया।



# राशन डीलरो की मीटिंग जिला रसद अधिकारी ने ली

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** बुधवार को पंचायत समिति में जिला रसद अधिकारी संदीप माथुर ने राशन डीलरो की मीटिंग ली गई जिसमे ईकेवासी करवाने की दिनांक15/07/2024 बढाने,60 वर्ष से अधिक आयु के ,18 वर्ष से कम अथवा विशेष योग्यजनो हेतु एनएफएसए योजनांतर्गत राशन सामग्री ( गेंहू) की निशुल्क डोर स्टेप डिलीवरी के लिए राशन डिलरो को दिशा निर्देश दिए गए , राशन डिलरो की 10 समस्याओं संबंधित जिला अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन दिया गया,मीटिंग में बहरोड़ पर्वतन निरीक्षक विजयपाल , जिला अध्यक्ष बाबूलाल, कोटपुतली तहसील अध्यक्ष मुकेश गुर्जर सहित विजय रावत , बिरदी सैनी ,कृष्ण सैनी, हंसराज, ललित शर्मा,अशोक ,सुनील,अन्य राशन डीलर मौजूद रहे।

# जल्द से जल्द तैयार करें कोटा एयरपोर्ट की डीपीआर

## लोक सभा अध्यक्ष बिरला ने की नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

कोटा/नई दिल्ली। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को संसद भवन स्थित अपने कक्ष में नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में बिरला ने कहा कि सम्पूर्ण हाड़ौती क्षेत्र के विकास के लिए कोटा में एयरपोर्ट का निर्माण आश्वयक है। राज्य सरकार इस संबंध में बाधाओं को तेजी से दूर कर रही है। केंद्र सरकार के स्तर पर औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर राज्य सरकार के साथ समन्वय बनाकर काम किया जाए ताकि एयरपोर्ट का निर्माण शीघ्र प्रारंभ हो सके। नागर विमानन मंत्री नायडू ने बताया कि मंत्रालय कोटा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के कार्य को बेहद गंभीरता से ले रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और राज्य सरकार के बीच एमओयू पर अगले माह हस्ताक्षर हो जाएंगे। एएआई के अधिकारियों को तेजी से काम करते हुए एयरपोर्ट की डीपीआर जल्द से जल्द तैयार करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से एन्वायरोमेंटर क्लियरेंस सहित अन्य विभागों से एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया भी डीपीआर बनने के साथ ही पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मानसूनी बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव, लोग हो रहे परेशान

## महाराज बाग सर्किल पर भूमिगत पाइप ब्लॉक होने से तीन दिन से पानी भराव मिष्ठान विक्रेताओं के साथ अन्य दुकानदार हो रहे परेशान, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** मानसूनी बारिश के बीच जहां शहर में जगह-जगह जल भराव की समस्या सामने आई है वहीं शहर के महाराज बाग सर्किल पर पानी भराव होने से परेशानी पैदा हो गई है। इस पानी का भराव भूमिगत पाइप में कचरा एकत्रित हो जाने से हुआ है। जिसको लेकर न केवल दुकानदार परेशान है बल्कि रास्ता निकलने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। बाइक सवार तो सर्किल पर गिरते नजर आ रहे हैं। मामले को लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा हालांकि समस्या के समाधान के लिए प्रेशर मशीन से भूमिगत पाइप को साफ करने का प्रयास किया है लेकिन सफलता नहीं मिली है।



महाराज बाग सर्कल के कमलेश्वर मिष्ठान भंडार के कर्मचारी रामविलास शर्मा ने बताया की कई दिन से यहां पानी भराव की समस्या हो रही है। इसको लेकर नगर पालिका के अधिकारियों,सफाई निरीक्षक सहित सभी को जानकारी दी है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। आए दिन यहां पानी भराव होता है और लोग परेशान होते हैं। वही महाराज बाग सर्कल पर स्थित मिठाई की दुकान के हलवाई अमर सिंह ने बताया कि महाराज बाग सर्किल पर आए दिन यही स्थिति देखने को मिलती है। यहां नालियों के पानी को सड़क पार करने के लिए एक भूमिगत पाइप डाला गया है जिसमें कचरा एकत्रित होने पर यह स्थिति बनती है। इसको लेकर नगर पालिका के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। सफाई कर्मचारी आते हैं और खानापूर्ति करके वापस चले जाते हैं। समस्या का आज तक स्थाई समाधान नहीं किया गया है। इसमें बाइक सवारों को बीच का गड्ढा दिखता नहीं है जब वह भरे हुए पानी से निकलते हैं तो वह गिर जाते हैं। पैदल रास्ता चलने वाले लोगों को तो सबसे अधिक परेशानी हो रही है। पास में मां राज राजेश्वरी का मंदिर है।जिसको आने वाले श्रद्धालु भी परेशान है।

**शहर में कई जगह जलभराव, नहीं हुआ अभी तक समाधान :** महाराज बाग सर्कल के साथ शहर के सरमथुरा रोड, संतनगर रोड,होद मोहल्ला,अग्रसेन विहार कॉलोनी आदि जगह-जगह जल भराव हुआ है। कायस्थ पाड़ा पुलिया पर भी जल भराव से लोग परेशान है। जिसको लेकर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

# फाइनेंस कर्मचारी से लूट की घटना का सात दिन में पुलिस ने किया खुलासा

## पांच आरोपियों ने रेकी के बाद दिया लूट की घटना को अंजाम



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की कंचनपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना और डीएसटी टीम के सहयोग से कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह पूर्व हुई फाइनेंसकमी से हुई लूटपाट की घटना का खुलासा किया है। घटना में लिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तमें आए आरोपियों से पुलिस पूछताछ में जुटी है। कंचनपुर थाना अधिकारी शैतान सिंह ने बताया कि 24 जून को दिन में बाड़ी रोड के गुजर्रा गांव के पास भारत फाइनेंस इन्फ्लेशन लिमिटेड के कर्मचारियों से एक बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने हथियारों के बल पर लूटपाट की थी। जिसमें फाइनेंस कमी के थैले को आरोपी छीन कर ले गए थे। उक्त थैले में फाइनेंस की वसूली गई दो लाख 5 हजार रुपये की नगदी के साथ टैबलेट और अन्य सामान रखा हुआ था। ऐसे में फाइनेंस कर्मचारियों की रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा को अवगत कराया गया। जिनके निर्देशन और सैपऊ सीओ आनंद कुमार के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया। साथ में उक्त मामले को लेकर मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया था।

**रेकी के बाद हुई फाइनेंस कर्मचारी से लूट :** एसएचओ शैतान सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम डीएसटी टीम के कांस्टेबल रूपिंदर ने सूचना दी की फाइनेंस कर्मचारी से हुई लूटपाट की घटना में गुजर्रा गांव के योगेश पुत्र गजराज कुशवाह का हाथ है। इस पर पुलिस टीम ने गुजर्रा गांव पहुंच योगेश पुत्र गजराज कुशवाहा को गिरफ्त में लिया। जिसने पूछताछ में बताया कि उसने धर्मवीर निवासी बदरेठा के कहने पर रेकी की थी। इस पर पुलिस टीम ने डीएसटी टीम को साथ लेकर बदरेठा पहुंच आरोपी धर्मवीर पुत्र सुरेशचंद्र कुशवाहा को गिरफ्त में लिया। जिसने पूछताछ में बताया कि उसने फाइनेंस कर्मचारी से लूटपाट की है। जिसमें उसके साथ बसेड़ी के अतरसूमा निवासी रामू पुत्र विरोधी कुशवाह,गूलर का पुरा निवासी राजकुमार पुत्र विजेंद्र कुशवाहा और दिनेश पुत्र वैद्यनाथ कुशवाहा शामिल है। इस पर कंचनपुर थाना पुलिस की टीम और डीएसटी टीम ने बसेड़ी के अतरसुमा और गूलर का पूरा पहुंच तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों से फाइनेंस कर्मचारी से भी लूटपाट की घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## सम्पूर्णता अभियान के संबंध में महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न सेक्टर बैठकें आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** नीति आयोग के आशान्वित जिला कार्यक्रम अंतर्गत जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में 5 जुलाई से शुरू किए जा रहे सम्पूर्णता अभियान के संबंध में उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न सेक्टर बैठकें आयोजित की गई। उपनिदेशक भूपेश गर्ग ने बताया कि सम्पूर्णता अभियान की सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दिशा में धौलपुर शहर, मनियां, मरैना, बरहमोरी क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को अवगत कराया कि सम्पूर्णता अभियान 5 जुलाई से 30 सितम्बर तक चलेगा जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का दायित्व रहेगा कि सर्वे क्षेत्र की समस्त गर्भवती माताओं को गर्भधारण के शुरुआती माहों में ही पंजीकरण कर प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित की जावे साथ ही वंचित महिलाओं का पंजीकरण करते हुए नियमित पोषाहार वितरण कर पोषण ट्रेकर पर प्राप्ति दर्ज की जावे। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर चर्चा करते हुए स्कीम का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने एवं उड़ान योजना में प्राप्त सेनेटरी नैपकिन को नियमानुसार वितरण कर रिकॉर्ड संधारण किये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीडीपीओ राजाखेड़ा अविनेश कुमार, महिला पर्यवेक्षक प्रभा झा, डॉ. निर्मला सिंह,मीना शर्मा, माया देवी, इंदु सक्सेना उपस्थित रहीं।

## विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में भी अब ले सकेंगे प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( नि.स. )।** कस्बें के हरसोरा रोड़ पर रामनगर में स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विधालय में राज्य सरकार द्वारा प्राथमिक कक्षाओं के संचालन की अनुमति के साथ ही प्राथमिक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई हैं। प्रधानाचार्य नरेश बंसल ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के तहत् 5 जुलाई 2024 से 12 जुलाई 2024 तक प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरे जाएंगे व 15 जुलाई कों आवेदकों की सूची का निर्धारण किया जाएगा । 16 जुलाई को निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन होंने पर लौटरी निकाली जाएंगी व 19 जुलाई को लौटरी में चयनित आवेदको से प्रवेश फार्म भरवारा जाएगा तों वहीं 20 जुलाई से प्राथमिक कक्षाएं प्रारंभ की जाएगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में प्रति कक्षा में 40 सीटें उन्हीं पर प्रवेश प्रक्रिया की जाएगी।

## प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** आमजन की परिवेदनाओं की पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में सुनवाई करने के लिए जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले की ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर माह के प्रथम गुरूवार, 4 जुलाई को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर योगेश कुमार डागुर ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जुलाई माह के प्रथम गुरूवार, 4 जुलाई को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर आयोजित किये जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत माह के द्वितीय गुरुवार को उपखंड स्तरीय एवं तीसरे गुरुवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई की जायेगी।

## जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा निशुल्क भूमि आवंटित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम सौहास तहसील बाड़ी की आराजी खसरा नंबर 184/138 रकबा 0.2030है0 में से 0.05058 है0 किस्म चारागाह भूमि की किस्म खारिज कर राजस्थान भू-राजस्व नियम 1963 एवं राजस्व विभाग जयपुर के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पानी की टंकी के निर्माण हेतु नि:शुल्क आवंटित की गई है। चारागाह भूमि के क्षतिपूर्ति हेतु तहसील बाड़ी के ग्राम सौहास की आ.ख.नं. 32 रकबा 0.0253 हैक्टेयर एवं 127 रकबा 0.0253 है0 किता-2 रकबा 0.0506 है0 किस्म बंजड भूमि को चारागाह हेतु आवंटित किया गया है। इसी प्रकार ग्राम रांडौली तहसील मनियां की आ.ख.न. 1181 रकबा 0.0358 हैक्टे. में से 0.0900 हैक्टे. किस्म चारागाह भूमि की किस्म खारिज कर राजस्थान भू-राजस्व नियम 1963 एवं राजस्व विभाग जयपुर के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पानी की टंकी के निर्माण हेतु नि:शुल्क आवंटित की गई है। चारागाह भूमि के क्षतिपूर्ति हेतु तहसील मनियां के ग्राम रांडौली की आ.ख.नं. 241 रकबा 0.0900 हैक्टेयर भूमि चारागाह हेतु आवंटित की गई है।

# 2 माह के वेतन पेंशन के भुगतान को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाइज यूनियन आरएसआरटीसी रिटायर्ड एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को प्रदर्शन किया गया ।

विज्ञप्ति में बताया कि मई ,जून माह का वेतन पेंशन का भुगतान आज तक नहीं हुआ है जुलाई माह में बच्चों का एडमिशन,फीस व ड्रेस का खर्चा अतिरिक्त बढ़ जाता है । अधिकतर संभागों में जयपुर सहित 25 जून को ही भुगतान कर दिया गया था। कर्मचारी में इस भेदभावपूर्ण रवैया से काफी आक्रो से कर्मचारियों की मांग है कि सभी रोडवेज कर्मचारियों का वेतन पेंशन का भुगतान एक साथ किया जावे रोडवेज कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बैठक के उप महासचिव कांग्रेस संजय चौधरी आरएसआरटीसी के क्षेत्रीय सचिव सूबेसिंह चौधरी ने चेतावनी दी कि समय पर भुगतान नहीं किया गया था मजबूरन कर्मचारियों को आंदोलन तेज करना पड़ेगा । कर्मचारियों का मुख्य प्रबंधक अलवर में मत्स्य नगर आगार ने बताया कि मुख्यालय से मिली सूचना के अनुसार शीघ्र वेतन का भुगतान किया जावेगा। प्रदर्शन के दौरान कॉमरेड संजय चौधरी, सूबे शिंह चौधरी ,गंगाराम शर्मा , शांति देवी ,सूरज मीना,कृष्ण कुमार यादव, कृष्ण कुमार मीना ,राजबाला ,चंद्र प्रकाश, कुलदीप, मुकेश जग्रावत , नंदू शिंह , जफर इकबाल, बाबू लाल गॉड,जमील खा , लक्ष्मीकांत राजेंद्र कुमावत राकेश तिवारी रामेश्वर चौधरी , कजोड़ सैनी, राकेश शर्मा सहित सैंकड़ों कर्मचारियों ने शिरकत की ।

# नारायणपुर में प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती उपखंड नारायणपुर में बुधवार को प्रशासन की ओर से कस्बे के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जिसमें प्रशासन ने बास बेरीसाल से पुरुषोत्तम मार्केट तक दुकानों के बाहर हो रहे स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया।एसडीएम लक्ष्मीनारायण बुनकर ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से एसडीएम कार्यालय में बाजार में अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए शिकायत की गई थीं। जिसको लेकर व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने की समझाइश की गई। लेकिन व्यापारियों ने दुकानों के बाहर हो रहे अतिक्रमण को नहीं हटाया। जिसको लेकर बुधवार को नारायणपुर पुलिस जाब्ते के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान बास बेरिसाल से पुरुषोत्तम मार्केट तक एक तरफ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है। तों वही व्यापारियों को पाबंद किया गया है कि आगे से दोबारा दुकानों के बाहर सामान अतिक्रमण किया गया तो उनके खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान व्यापारियों में हड़कंप मच गया और दुकानदार खुद ही सामान को हटाने में लग गए। इस दौरान एसडीएम लक्ष्मीनारायण बुनकर, थाना प्रभारी शंभुदयाल, तहसीलदार समेत भारी पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## सोने का गुर्जा पुलिस ने पकड़ा एनडीपीएस का इनामी बदमाश

### डांग में उमरारा मोड़ पर छिपा बैठा था भागने की फिराक में, क्यूआरटी टीम के साथ गिरफ़्तारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर, (नि.स.)।** उपखंड की सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने साइबर टीम की सूचना पर क्यूआरटी टीम के सहयोग से कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाश को पूछताछ के लिए राजाखेड़ा एसएचओ को सौपा गया है। आरोपी दो थानों से एनडीपीएस एक्ट के मामलों में वांछित चल रहा है। सोने का गुर्जा थाना अधिकारी भीम सिंह ने बताया कि एसपी धौलपुर सुमित महरेड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। उक्त धरपकड़ अभियान को लेकर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है साथ में पुलिस की विभिन्न टीमें भी सहयोग कर रही है। ऐसे में धौलपुर साइबर टीम के कांस्टेबल अशोक कुमार ने मंगलवार की शाम सूचना दी की 25 हजार का इनामी बदमाश बॉबी खान उमरारा मोड पर देखा गया है। जो कहीं जाने की फिराक में है। इस पर धौलपुर से क्यूआरटी टीम को बुलाकर



मौके पर जाकर थाने के जाप्ते के साथ कार्रवाई की। जहां से आरोपी बॉबी खान पुत्र शौकीन खान निवासी मनिया मांगरोल को गिरफ्त में लिया है। गिरफ्त में आए बदमाश को पूछताछ के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एसएचओ राजाखेड़ा को सोपा गया है।

**मनिया और बाड़ी में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामले दर्ज :** गिरफ्त में आए आरोपी बदमाश बॉबी खान पुत्र शौकीन खान पर एनडीपीएस के दो मामले मनिया और बाड़ी थाने में दर्ज है। मनिया थाने में एफआईआर संख्या 94/2024 है।वही बाड़ी में एफआईआर संख्या 92/2024 है जिसमें धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज है।

## किसान महापंचायत को लेकर ग्राम पंचायत पहाड़ी में हुई किसानों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** किसानों की समस्याओं को लेकर 14 जुलाई को आयोजित किसान महापंचायत को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव में संपर्क किया जा रहा है। युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी व तहसील उपाध्यक्ष दशरथ सिंह ने बताया कि किसान महापंचायत को लेकर ग्राम पंचायत पहाड़ी में किसानों की बैठक हुई। जिसमें ईसरदा बांध से निवाई क्षेत्र को नहरों द्वारा सिंचित करवाने, फसलों को बर्बाद कर रहे सूअरों का सर्वे करके सूअरो को पकडकर बड़े जंगलों में छोड़ने, यूरिया डीएपी लेने वाले किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सल्फर जिंक, सारिका आदि देने को रोकने, कृषि उपज मंडी समिति में किसान पार्क का निर्माण करवाने सहित कई मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि निवाई तहसील उपाध्यक्ष दशरथ सिंह, संगठन मंत्री शिवराज जाट व गोविंद ने पंचायत स्तरीय अध्यक्षों की नियुक्ति की है। बैठक में क उपाध्यक्ष दशरथसिंह चौहान, रामेश्वर चौधरी, प्रदेश युवा अध्यक्ष रामसहायचौधरी, गोविंद चौधरी व मोहन चौधरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# धौलपुर में सक्षम संगठन का स्थापना दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** धौलपुर समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) का स्थापना दिवस धौलपुर में भारतीय आदर्श विद्या मंदिर धूलकोट में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्ति माननीय न्यायाधीश श्री अशोक जी सक्सेना के द्वारा की गई मंच का संचालन करते हुए श्री देवकीनंदन जी ने अध्यक्ष का परिचय कराते हुए अन्य सभी का परिचय कराया एवं काव्य गीत का पाठ किया। इसके बाद सक्षम संगठन के प्रांतीय टोली के सदस्य अशोक सिंघल ने सक्षम के बारे में स्थापना से लेकर अब तक चल रहे सेवा कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2008 में नागपुर में 20 जून को सक्षम की स्थापना हुई इसलिए हर वर्ष संगठन के द्वारा अपना स्थापना दिवस मनाया जाता है इसके बाद आए हुए सभी आगंतुकों ने अपने-अपने सुझाव दिये। हरि बाबूजी ने कहा कि ऐसे दिव्यांग लोगों की सूची लेकर सर्वे करने की बात कही तो मुकेश सिकरवार ने एक हेल्प डेक्स (सहायता केंद्र) बनाने का सुझाव दिया अध्यक्ष जी ने कहा कि महावीर विकलांग सहायता समति मैं काम कर रहा हूं इसके सहयोग से शिवरों का आयोजन किया जा सकता है योगेश जी ने कहा कि हमें दिव्यांगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के बारे में विचार करना चाहिए।देवकीनंदन जी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं होता प्रत्येक



व्यक्ति में कोई न कोई गुण अवश्यक होता है प्रतिभा छुपी रहती है योजकता पूर्ण हमें इनके बीच कार्य करना चाहिए तथा जिला और तहसील स्तर पर इसके संयोजक बनाना चाहिए। इस अवसर पर संगठन के प्रचार प्रसार हेतु श्री योगेश जी संचालक राजेश्वरी पब्लिक स्कूल वालों को सर्व सहमति से जिले का सोशल मीडिया का प्रभारी बनाया गया इस अबसर पर विनोद उपाध्याय,खंगार सिंह, योगेश जी के साथ-साथ अन्य लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का समापन शांति पाठ से किया गया।

## धीरपुर में लेपर्ड ने बनाया बछड़े को शिकार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम धीरपुर में मंगलवार देर रात एक लेपर्ड ने बाड़े में बंध रहें एक गाय के बछड़े पर हमला कर दिया औंर बछड़े को बाड़े से क़रीब 300 मीटर दूर खेत में उठा ले गया।बुधवार सुबह ग्रामीणों ने जब देखा तो बाड़े में बछड़े का रस्सा टूटा मिला व खेत में बछड़ा मृत पड़ा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना धीरपुर की नयाबासी की ढाणी की है। शीशराम यादव ने बताया कि मंगलवार देर रात को गाय और बछड़ा बाड़े में बंधे हुए थे। इसी दौरान रात को क़रीब 12.30 बजे लेपर्ड (बघेरा) बाड़े में घुस गया और गाय के बछड़े को उठा ले गया। बछड़ा करीब 7 महीने का था। बछड़े को बाड़े से उठाकर क़रीब 300 मीटर दूर खेत में ले गया और उसका शिकार कर खा गया। सुबह जब बाड़े में गाय का दूध निकालने गए तो बछड़ा गायब मिला।

आसपास खेतों में देखा तो बछड़ा खेत में मरा हुआ पड़ा था और उसको आधे से ज्यादा खा रखा था। हालांकि अभी तक वन विभाग को सूचना नही दी गई है। उन्होंने बताया कि सुबह खेत में लेपर्ड के पग मार्क दिखाई दिए हैं। लेपर्ड की मूवमेंट से लोगों में भय बनी हुई है।

## हरित बानसूर अभियान के तीसरे चरण के शुभारंभ पर उपखंड कार्यालय में लगाए पौधे



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बें स्थित उपखंड कार्यालय से बुधवार को हरित बानसूर अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत एसडीएम रविकांत सिंह ने उपखंड कार्यालय में पौधे लगाकर की। एसडीएम रविकांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बानसूर हरित अभियान की शुरुआत पिछले 2 साल पहले 2022 में की गई थी। जिसके तहत उपखंड क्षेत्र में 21हजार पौधे लगाए जा चुके है। तों वही बुधवार को तीसरे चरण की शुरुआत उपखंड कार्यालय से की गई है। अभियान के तहत् बुधवार को लेकर सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और ग्राम पंचायतों में 1100 पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाए। जिससे बानसूर को हरा भरा करने में सहयोग मिले। उन्होंने बताया कि बुधवार से शुरू हुआ अभियान 3 महीने तक निरंतर चलेगा। जिसमें राजकीय स्कूल, सार्वजनिक स्थान, खेल मैदान, गौचर भूमि सहित कई जगहों पर पौधे लगाए जाएंगे। तों वहीं अभियान की शुरुआत में होलावास ग्राम पंचायत में फलदार पौधे लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। जिसमें छायादार और कीमती पौधे लगाए गए। इस मौके पर एसडीएम रविकांत सिंह, तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़, नगरपालिका ईओ विशाल यादव, चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, सीबीईओ राजेंद्र कुमार मीना राजेश जोशी सहित स्कूली विद्यार्थी,कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहें।

## सड़क दुर्घटना में मृतक आश्रितों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि मृतक कल्ला पुत्र अर्जुन निवासी चौकी पुरा की पत्नी मायादेवी, मृतक राजकुमार पुत्र रूपसिंह निवासी रूद्ध का पुरा की पत्नी मुन्नी, मृतक रघुवीर सिंह राना पुत्र हरीसिंह निवासी जिरोली की पत्नी राजकुमारी, मृतक शिवरथ निवासी अंगद का पुरा के पिता वीरेन्द्र, मृतक फरमान कुरेशी पुत्र शरीफ कुरेशी निवासी कसाई पाड़ा पुराना शहर की माँ चांदनी, मृतक समीर पुत्र अकील निवासी कसाई पाड़ा पुराना शहर की माँ भूरी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से सड़क दुर्घटना में मृतक आश्रितों को एक-एक लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# हाड़ौती के सभी जिलों में एसडीआरएफ तैनात, रिजर्व फोर्स भी तैयार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स को मानसून सीजन को देखते हुए तैनात हाड़ौती के जिलों में कर दिया गया है। कोटा की एसडीआरएफ की बी कंपनी से बारां व झालावाड़ में भेजी गई है, जबकि कोटा जिले में भी दो टीमों की तैनाती शहर व ग्रामीण में की गई है। इसके अलावा रिजर्व फोर्स भी रखा गया है। वहीं बूंदी में अजमेर से टीम आई है. आगामी मानसून सीजन में आपात स्थिति से निपटने में यह टीम में काम करेगी। कोटा संभाग में जल जनित हादसों में करीब दो दर्जन लोगों की मौत हर साल हो जाती है। एसडीआरएफ की कंपनी कमांडेंट एकता हाडा ने बारां व झालावाड़ में जाकर टीम की तैयारी का निरीक्षण भी किया है।

एसडीआरएफ के प्लाटून कमांडर श्यामलाल के अनुसार प्रत्येक टीम में 11-11 जवान हैं। एसडीआरएफ के जवानों को साल भर की प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा कोलकाता, पुणे और वड़ोदरा में नेशनल वाइड रेस्क्यू की ट्रेनिंग भी दिलाई जाती है। यहां पर बड़े ट्रेनिंग संस्थान भी बने हुए हैं। फ्लड रेस्क्यू में काम आने वाले सभी उपकरण हमारे पास हैं। श्यामलाल के अनुसार हाड़ौती के जिलों में नदियों में घटनाएं ज्यादा होती हैं। ऐसे में बाढ़ के चलते होने वाली जनहानि को रोकने के लिए पारंगत किया है। जिसमें कुछ जवानों को स्कूबा डाइविंग, पानी में स्थिर और 500 मीटर की दूरी तय करना भी सिखाया है। लंबी दूरी की तैराकी इन्हें सिखाई गई है। इसके साथ ही डूबने से बचाने का अभ्यास, टापू पर फंसे हुए लोगों को किस तरह से निकालना शामिल है। जिसमें बोट और बिना नाव के लाइफ सपोर्ट जैकेट के जरिए लोगों को सुरक्षित बचाने व स्कूबा डाइविंग भी सिखाई है, जिससे काफी गहरे पानी में डूबने वाले को बचाया जा सके। करण सिंह के अनुसार रेस्क्यू टीम में महिला जवान भी शामिल हैं। इन्हें तैरकर लाइफ जैकेट के जरिए पानी से लोगों को बाहर लाना है। अलग-अलग तरीके से लोगों को पानी में डूबने से बचाने का अभ्यास भी कराकर भेजा है। जवानों को बोट का ऑपरेशन में भी पारंगत किया है, ताकि आपात स्थिति में यह बोट को चला सके और लोगों को पानी से बाहर निकाला जा सके। मानसून सीजन में रेस्क्यू के दौरान अचानक उपयोग आने वाले सभी उपकरणों की मेंटेनेंस और ट्रायल भी दिलाया गया है। जिले में ताकली नदी पर नया डैम बना है।इसमें बारिश कम होने से पानी कम है, लेकिन टीम ने वहां पर डेमो दिया है। जिसमें ज्यादा पानी और बाढ़ में फंसे लोगों को निकाले के बारे में बताया गया। किसी का सेल्फी लेते समय पैर फिसल गया और पानी में गिर गया, तो उसको बाहर से कैसे ही निकाला जाए। यह आम आदमियों को सिखाया गया है। सीपीआर का प्रशिक्षण जवानों और आम लोगों को भी दिया गया है।

# कोटा बैराज के गेट खुलवाने जा रहे किसानों को रोका, पुलिस ने 9 को हिरासत में लिया

## प्रशासन से बात नहीं बनी तो आगे बढ़ने लगे थे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** नहरों में पानी छोड़ने की मांग को लेकर कोटा कूच कर रहे किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। किसानों व प्रशासन के बीच दूसरे दौर की वार्ता विफल रहने के बाद किसान कोटा की तरफ कूच की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दोपहर ढाई बजे करीब पुलिस ने किसान नेता हरजिंदर सिंह, गिर्राज गौतम, नवीन श्रृंगी, जसपाल बल, जसपाल ठाकुर, रामस्वरूप पहाड़, बुद्धाराम चौधरी निर्मल सिंह, मोहन मेरोठा को हिरासत ले लिया। किसानों ने पिछले 24 घंटे से केशवरायपाटन थाना क्षेत्र में लालसोट मेगा हाईवे स्थित गणेश मंदिर पर पड़ाव डाल रखा था। नहरों में पानी नहीं छोड़ने पर किसानो ने कोटा बैराज के गेट खोलने की चेतावनी दे रखी थी। तय कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार सुबह 11 बजे से शुगर मिल संयुक्त किसान समन्वय समिति के बैनर तले किसान ट्रैक्टर लेकर केशवरायपाटन थाना क्षेत्र में लालसोट मेगा हाईवे स्थित गणेश मंदिर पर इकट्ठे हुए। एसडीएम, डीएसपी प्रदर्शनकारियों से वार्ता करते रहे। प्रदर्शनकारियों ने दोपहर 2 बजे तक नहरों में पानी नहीं छोड़ने पर कोटा कूच करने की चेतावनी दी। किसानों ने पड़ाव स्थल पर खाने का इंतजाम शुरू कर दिया। शाम 4 बजे करीब प्रशासन की ओर से वार्ता का बुलावा आया। समिति के 6 वरिष्ठ सदस्य शाम 5 बजे वार्ता के लिए कोटा पहुंचे।

समिति सदस्य व किसान नेता दशरथ कुमार, भंवरलाल चौधरी, नवीन श्रृंगी की अगुवाई में संभागीय आयुक्त से 1 घंटे वार्ता चली। वार्ता बेनतीजा रही।

### किसानों बैराज गेट खोलने की दे रखी थी चेतावनी

इसके बाद समिति के सदस्य पड़ाव स्थल के लिए रवाना हुए। समिति सदस्यों के पड़ाव स्थल पर पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने कोटा की ओर कूच का एलान किया है। रात साढ़े 8 बजे करीब प्रशासन की ओर से वार्ता का बुलावा आया। जिसके बाद किसानों ने बुधवार सुबह 11 बजे तक कोटा कूच स्थगित किया। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे करीब 6 सदस्यीय किसानों का प्रतिनिधिमंडल प्रशासन से वार्ता के लिए कोटा आया। करीब 1 घंटे तक वार्ता चली। किसानों ने वार्ता को विफल बताया। सदस्यो के कोटा से लौटने के बाद किसानों ने कोटा कूच की रणनीति बनाई। कुछ किसान ट्रैक्टर पर बैठकर कोटा की तरफ जाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

# आधार सेंटर वाले कर रहे हैं मनमानी आम जनता को भी ठगने से भी नहीं आ रहे है बाज



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** निम्बाहेड़ा शहर के डाक घर मे आधार सेंटर लेकर बैठी महिला खुल कर अपनी मनमानी कर रही है। 0 से लेकर 18 वर्ष तक नये आधार कार्ड निशुल्क बनते है उसके भी 50 रूपये से लेकर 100 रूपये चार्ज कर रही है, पहली बार कुछ अपडेट कराना भी निशुल्क है उसके बावजूद भी सभी शुल्क वसूला जा रहा है जिसकी कोई रसीद भी नहीं दी जा रही है। बहुत जनो को दो दिन बाद का टोकन देने के बाद जब वो दिये गए निर्धारित समय पर आते है तो बोलती हे आज टोकन से नहीं लाइन से होगा कार्य। एक घंटा लाइन मे लगने के बाद बोला जाता हे की महिला पुरुष की अलग अलग लाइन नहीं होंगी दोनों एक ही लाइन मे लगो, तकनिकी उपकरण भी ख़राब होने की वजह से कभी प्रिंटर तो कभी कंप्यूटर रुकने की वजह से कार्य काफी धीमी गती से हो रहा है जिससे आम जन परेशान हो रहे है। तकनिकी उपकरण सही होने की वजह से दूसरे आधार सेंटर वाले जितना कार्य कर रहे है उतने समय मे डाक घर के आधार सेंटर मे आधा कार्य भी नहीं कर पा रही है।

**तकनिकी उपकरण जांचे बिना जाँच अधिकारी द्वारा डाक घर मे आधार सेंटर चलाने की परमिशन कैसे दी :** भारत सरकार के आदेशानुसार हर आधार सेंटर पर रेट लिस्ट, मो.न. आदि जानकारी का प्रदर्श बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है जबकि इन्होने कोई रेट लिस्ट नहीं लगा रखी जो नंबर लिख रखे है वो भी फ़र्ज़ी नंबर है एक तरह से देखा जाय तो डाक घर मे संचालित आधार सेंटर अपनी मनमानी से संचालित कर रही है। डाक घर के अधिकारी जान बूझ कर अनजान बने हुए है।

**इनका कहना है :** फ्लेक्स पर नम्बर गलत है तो मुझे फोटो भेजो मैं पता करवा कर सही करवाते हूं आधार कार्ड तो निशुल्क ही बनता है ।

**सुनील राठौर, सहायक डाक घर अधीक्षक**

# यूथ कॉंग्रेस रोकेगी रेल, करेगी तीखा विरोध आज होगा सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** यूथ कांग्रेस द्वारा सरकार की सफलता नीट परीक्षा एवं लाखों छात्रों के साथ हो रहे विश्वास घात को लेकर यूथ कांग्रेस राजस्थान में संभाग स्तर पर बड़ा आंदोलन करने जा रही है। यूथ कांग्रेस के कोटा संभाग प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि यूथ कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संभाग स्तर पर आंदोलन करेगी इसके लिए मंगलवार को बैठक आयोजित कर आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई है।

बैठक में संभाग के सभी यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष, प्रभारी, व पदाधिकारी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि रेल रोको आंदोलन के साथ ही हस्ताक्षर अभियान, जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें छात्रों को जागरूक किया जाएगा साथ ही आम जनता को सरकार की जन विरोधी नीतियों से भी अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में यह पहला चरण है, यूथ कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। नीट परीक्षा में धांधली को लेकर रेल रोकी जाएगी। कोटा में देश भर से लाखों बच्चे पढ़ने आते हैं और इन बच्चों का भविष्य केंद्र सरकार खराब कर रही है। यह सरकार भी मान चुकी है कि नीट पेपर लीक हुआ है। नीट के साथ अन्य पेपर लीक मामलों को लेकर भी विरोध किया जाएगा। लोकसभा में राहुल गांधी ने कोटा का नाम लेकर भी यह स्पष्ट कर दिया है कि नीट धांधली के तार यहां तक जुड़े हुए हैं वहीं महंगाई, बेरोजगारी, मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी सरकार से आमने-सामने की लड़ाई लडी जाएगी।

इस अवसर पर यूथ कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष मोइजुद्दीन गुड्डू ने कहा कि कोटा में 4 जुलाई को रेलवे रोको आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है। इसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रेल रोका आंदोलन में भाग लेंगे संभागीय बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद, संभाग प्रभारी पूजा भार्गव, देहात अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, झालावाड़ अध्यक्ष नेमि चंद मीणा, विधानसभा अध्यक्ष कृष्णा सिंगोर, इक़बाल खान प्रदेश सचिव प्रदेश महासचिव हरिराज सिंह नाथावत व अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# राहुल गांधी को संसद से निष्कासित करने की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े भाजपा कार्यकर्ता

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हिंदू समाज पर की गई टिप्पणी का कोटा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। साथ ही पानी की टंकी पर चढ़ गए। कोटा में गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज के निवर्तमान छात्रसंघ अध्यक्ष मनीष सामरिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बोरखेड़ा में एकत्रित हुए।यहां से वे नारेबाजी करते हुए मुख्य बाजार से गुजरे और राहुल गांधी के पोस्टर जलाए। इसके बाद अचानक से कार्यकर्ता पानी की टंकी पर चढ़ गए. इसकी सूचना मिलने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। कार्यकर्ता पानी की टंकी पर चढ़कर राहुल गांधी के इस्तीफे की मांग करने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इन लोगों से समझाइश की गई. काफी देर बाद ये लोग नीचे उतरे. छात्र नेता मनीष सामरिया ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंदू समाज के लिए जो कहा है, उसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की। छात्र नेताओं का कहना था कि राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि वे कौनसे धर्म का पालन करते हैं। बोरखेड़ा थाना अधिकारी राम लक्ष्मण गुर्जर के अनुसार पानी की टंकी पर चढ़े कार्यकर्ताओं को समझा बुझा कर नीचे उतारा गया।

# पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना हिंदू समाज का अपमान : राकेश जैन

## राहुल के हिंदू विरोधी बयान पर भाजपा नयापुरा मण्डल ने फूंका पुतला




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राहुल गांधी द्वार दिये गये हिंदू समाज विरोधी बयान के विरोध में भाजपा नयापुरा मण्डल द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य व मण्डल अध्यक्ष अनिल शर्मा के संयोजन में नयापुरा विवेकानंद चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पुतले को चप्पलों से मार , मुर्दाबाद के नारे लगायें फिर पुतला फूंका। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जैन ने कहा की राहुल गांधी जो कि अपने आपको हिंदू कहते है, वो कितने हिंदू है वो सारा देश जानता है। कांग्रेस एक समाज विशेष के वोटों के लिये हिंदू समाज का लगातार अपमान करती आयी है। संसद में हिंदू समाज को हिंसक कहने पर उन्हें शर्म आना चाहिये। उन्हें अविलंब अपने सांसद पद से ईस्तिफा दे देना चाहिये। संसद में पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना, हिंदू समाज का अपमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास सिद्धांत को लेकर सभी को साथ लेकर चलते हैं।

नयापुरा मण्डल अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं । वो अपने पद की गरिमा का भूल गये। आज भाजपा नयापुरा मण्डल उनके दिये हिंदू विरोधी बयान की निंदा करता है। इससे समस्त हिंदू समाज मे भारी आक्रोश है। इस अवसर पर जिला मंत्री जयदेव सुखेजा, सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी मयंक सेठी, मण्डल महामंत्री अर्चना शर्मा, अनमोल बैरवा, समीर सैनी, पार्षद ज्ञानेन्द्र सिंह आमेरा, नंद किशोर मेवाडा, दीपक पटेल, प्रदिप बोहरा, राजकुमार सैन सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# राजकीय मॉडल स्कूल कपासन में कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश प्रक्रिया 5 जुलाई से प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर की और से संचालित स्वामी विवेकानंद राजकीय प्राइमरी मॉडल स्कूल सीबीएसई इंग्लिश मीडियम में सत्र 2024-25 की कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश प्रक्रिया 5 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। प्रधानाचार्य भैरूलाल वीरवाल ने बताया कि प्रवेश आवेदन पत्रों का वितरण 5 जुलाई से शुरू होगा।साथ ही पूर्ण रूप से भरे हुवे आवेदन पत्र जमा करवाने को अंतिम तिथि 12 जुलाई 2024 होगी।कक्षा 1 से 5 तक प्रति कक्षा 40 विद्यार्थियो के प्रवेश की सीमा निर्धारित है। प्रवेश संबंधित अन्य जानकारी विद्यालय से प्राप्त कर सकते है। विद्यालय में प्रवेश राज्य सरकार द्वारा जारी प्रवेश नीतीनुसार है।

# परिवार में झगड़े के बाद महिला ने लगाया फंदा, दो दिन इलाज के बाद तोड़ा दम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिले के कनवास थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों को जब पता चले तो उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। दो दिन के इलाज के महिला रीना बाई (25) की मौत हो गई। रीना की 7 साल पहले नयागांव में शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि पारिवारिक तनाव के चलते सुसाइड किया था। कनवास थाना हेड कॉन्स्टेबल सतीश सिंह के अनुसार 1 जुलाई की शाम 7 बजे करीब रीना अपने घर में अकेली पति बाजार में किसी दुकान पर बैठा हुआ था। रीना ने कमरे में जाकर साड़ी का फंदा बना कर फांसी लगा ली। पति जब घर आया तो कमरे का गेट लगा हुआ था। आवाज देने पर रीना ने गेट नहीं खोला। इसके बाद पति ने गेट तोड़ा तो रीना फंदे पर लटकी हुई थी और उसकी सांसें चल रही थी। परिजन उसे इलाज के लिए कनवास सीएचसी पर लेकर गए। वहां से कोटा रेफर किया गया। रीना का पिछले दो दिन से निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। इसके बाद बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। रीना के पिता ने का कहना है कि पारिवारिक झगड़े में उसने सुसाइड किया है।

# श्रमण संघ की महासाध्वी दिव्य प्रभा म.सा. का जयकार नारों के साथ नगर कपासन में हुआ मंगल प्रवेश

## महासाध्वी का 12 जुलाई को भादसोड़ा में चतुर्मासिक भव्य मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** श्रमण संघ की महासाध्वी श्रमणी सूर्यावाणी भूषण उप प्रवर्तिनीय दिव्य प्रभा म.सा. एवं निरुपमा म.सा. व आर्या म.सा. आदि ठाणा 3 का बुधवार को बबराना से प्रातःकाल विहार कर नगर मे मंगल प्रवेश हुआ।नगर कपासन के राजमार्ग स्थित माताजी मंदिर पर श्रमण संघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,शंकरलाल लोढा,अनिल बाघमार,हेमंत सिरोया,रूपलाल डांगी,पुखराज चण्डालिया,जीवन दुग्गड,शरद चण्डालिया,मुकेश पानगडिया,मांगीलाल विरवाल आदि द्वारा महासाध्वी का स्वागत अभिनंदन किया गया।यहां से सोमेश्वर महादेव मंदिर मार्ग,उदयपुर रोड,पाँच चौराहा,गांधी चौक,सदर बाजार,सौमानी मोहल्ला से जयकार नारों के साथ महासाध्वी का अंबेश भवन में प्रवेश हुआ तथा धर्मसभा का आयोजन हुआ। इस दौरान महिला मंडल अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड,मंत्री सुनीता सांवला,सपना सिरोया,कांता ढीलिवाल,लाड लोढा,मीना पानगडीया,भावना बोहरा,आशा कोठारी,चंदा सांवला,कुसुम ढीलीवाल,बादाम चण्डालिया,चंदा चंडालिया,जागृति लोढा,युवा मण्डल अध्यक्ष अविनाश दुग्गड,सुनिल लोढा,राहुल हिंगड़,आशीष चण्डालिया,कैलाश चण्डालिया,रत्नेश चण्डालिया,गजेन्द्र ढीलीवाल,अर्पित सांवला, कपील बापना आदि उपस्थित रहे।

# जंगली सुवरो के आतंक से कपासन क्षैत्र का किसान परेशान जंगली जानवरों के डर से खेत पर रखवाली कर पाना भी मुश्किल

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में जंगली सुवरो का आतंक बढ़ने से कई हेक्टर फसले साफ होने के साथ किसान वर्ग के लिए खेतो पर रखवाली कर पाना भी मुश्किल हो रहा है। ब्लॉक क्षेत्र कपासन के ग्राम लांगच निवासी युवा कृषक कैलाश सुखवाल ने बताया कि जैसे ही फसलों की बुवाई हुई तथा रात्रि को जंगली सुवरो द्वारा अंकुरित फसलों को बाहर निकालना शुरू कर दिया गया। जिसमें मूंगफली मक्का आदि फसलों को वर्तमान में सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। गौरतलब है कि क्षेत्र के लांगच, सरोपा, हिंगोरिया जयसिंहपुरा, बेनीपुरीया, तुर्किया,निंबाहेड़ा सहीत अन्य गांवों में कई हेक्टर फसलों को साफ कर चुके हैं। किसान बड़ी मुश्किल से खाद बीज की व्यवस्था करता है और इन जंगली जानवरों ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है।कई बार जंगली जानवर रात्रि को किसानों पर हमला भी कर देते हैं। जिससे रखवाली कर पाना भी मुश्किल हो रहा है।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम की मासिक बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश कुमार सोनी की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ. राजेश सामर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुल्तानपुर, भावना गौड़ डी. पी.सी., शाहनवाज अली डि.आर.टी. बी. कॉर्डिनेटर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजना मिश्रा, सीनियर चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि गर्ग, निषेध विभाग से अमीत एवं ए. आर.टी. सेंटर कार्मिक,सभी एस टी एस,एस टी एल एस, टी बी एच वी बेठक में उपस्थित हुए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश कुमार सोनी ने आउटडोर में आने वाले 5 प्रतिशत सभी सम्भावित टीबी रोगीयो का बलगम जांच करने के निर्देश दिये एवं 1 जुलाई से टीबी मुक्त ग्राम पंचायत/वार्ड अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्मिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए काम करें।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जिन रोडवेज बसों का निवाई होकर रूट है उनको अंदर होकर जाना ही पड़ेगा

## बाइपास होकर जाने वाली बसों की जांच के लिए दो कर्मी लगाए

- बसों की समय सारिणी और लॉग शीट जांचेंगे
- मनमर्जी करने वाले चालक-कंडक्टर पर होगी कार्रवाई

अजय शर्मा

**टोंक (बढ़ता राजस्थान)।** जिन रोडवेज बसों का रूट निवाई के अंदर से है, और वे बाइपास होकर गुजर रही है, उन बसों की जांच और कार्रवाई के लिए टोंक रोडवेज प्रबन्धन ने दो कर्मचारियों की निवाई बाइपास पर ड्यूटी लगाई है। दो कर्मचारी बाइपास होकर जाने वाली बसों की लॉग शीट और समय सारिणी जांचेंगे। बस का रूट निवाई के अंदर होकर है तो उसे निवाई बस स्टैण्ड भेजेंगे। मनमर्जी करने वाले चालक-कंडक्टर के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा करेंगे।

### रोजाना 200 बसें जयपुर जाती है, लेकिन 70 बसें ही निवाई के अंदर आती है

रोडवेज के टोंक, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ डिपो की २०० रोडवेज बसें रोजाना जयपुर जाती है। इनमें से टोंक की सारी, सवाई माधोपुर, बूंदी की कुछ बसें ही निवाई के अंदर बस स्टैण्ड से सवारी लेकर गुजरती है। बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ डिपो की अधिकतर बसें निवाई और चाकसू बाइपास से निकल जाती है। रोडवेज सूत्रों के मुताबिक करीब ७० बसें ही निवाई के अंदर होकर आ-जा रही है। खाली होने के बाद भी चालक-कंडक्टर मनमर्जी से रोडवेज बसों को बाइपास होकर ले जा रहे हैं, जिससे रोडवेज को घाटा भी हो रहा है।

### कर्मचारी बसों पर रखेंगे नजर, देंगे रिपोर्ट

रोडवेज परिचालक मनोज और सुशील गुरुवार से निवाई बाइपास पर ड्यूटी देंगे। वे बाइपास होकर गुजर रही रोडवेज बसों को रोकेंगे, चालक की लॉग शीट और कंडक्टर से समय सारिणी जांचेंगे। निवाई के अंदर से रूट होने के बाद भी अगर वे बाइपास होकर जाना पाए जाने पर रजिस्टर में उसका इंद्राज करेंगे और टोंक मुख्य प्रबन्धक को रिपोर्ट देंगे। उपरोक्त बसों को निवाई बस स्टैण्ड भेजा जाएगा। इसके बाद भी चालक-कंडक्टर मनमर्जी से निवाई के बाहर होकर निकलते पाए गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### लोक परिवहन की लूट पर लगेगी लगाम

रोडवेज बसों के निवाई और चाकसू के लिए सवारियां नहीं बैठाने के कारण इस रूट पर लोक परिवहन बसों की लूट बढ़ गई है। मजबूरी में लोगों को इन बसों में यात्रा करनी पड़ रही है। डमी मशीन से मनमाने रुपए लेकर सवारियों को फर्जी टिकट दिया जा रहा है। सवारियों से अभद्र व्यवहार और मारपीट करना आम बात हो गई है। अवैध रूप से सवारियां ढो रही लोक परिवहन बसों के संचालकों के हौसलें बुलंद है। टोंक बस स्टैण्ड के बाहर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती के बाद भी ये बसें यहां धडल्ले से रुककर सवारियां बैठा रही है।


जयपुर जाने वाली टोंक डिपो की सभी बसें निवाई होकर जाने लगी
पांच डिपो की बसें भी अंदर से निकलेंगी, चीफ मैनेजर को लिखा पत्र, अगले सप्ताह तक मिल सकेगी समस्या से निजात
बढ़ता राजस्थान की खबर पर हुआ असर
निवाई बस स्टैण्ड होकर जाने वाली रोडवेज बसों की संख्या बढ़ेगी
मॉनीटरिंग के लिए लगाया कार्मिक, बढ़ी बसों की संख्या
बुकिंग एजेन्ट को किया पाबंद, रखेंगे नजर
इनका कहना है...
अगले सप्ताह तक समाधान हो जाएगा

**इनका कहना है**

**दो कर्मचारी नियुक्त किए हैं-निवाई और चाकसू के निवासियों को वास्तव में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार पाबंद करने के बाद भी बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड की अधिकतर बसें बाइपास से ले जाई जा रही है। दो कर्मचारी बाइपास पर खड़े रहकर बसों की जांच करेंगे और उनको अंदर होकर जाने के लिए कहेंगे। इसके बाद भी मनमर्जी करने वाले चालक-कंडक्टर के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। आने वाले दिनों में निवाई-चाकसू के अंदर आने-जाने वाली बसों की संख्या बढ़ेगी।**

*नंदकिशोर मीना, मुख्य प्रबन्धक राजस्थान रोडवेज, टोंक डिपो*

# हैदराबाद के फ्लैट में छुपे थे पेपरलीक के मास्टरमाइंड ढाका-बेनीवाल

### गैस सप्लाई के बहाने पकड़ में आए; सरकारी टीचर शम्मी बरसाना में काट रही थी फरारी



**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 समेत 6 से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में तीन आरोपी ओमप्रकाश ढाका, सुनील बेनीवाल और शम्मी बिश्नोई एसओजी की हिरासत में हैं। बुधवार को जोधपुर की साइक्लोन टीम ढाका और बेनीवाल को हैदाराबाद से पकड़ कर जयपुर लाई थी। वहीं सरकारी टीचर शम्मी को जोधपुर से डिटेन किया था। तीनों को बुधवार रात में एसओजी को सौंप दिया था। जोधपुर आईजी विकास कुमार ने बताया कि ढाका और बेनीवाल हैदराबाद के एक फ्लैट में छुपे थे, जहां से उन्हें पकड़ा। वहीं, शम्मी बरसाना में फरारी काट रही थी और मंगलवार को टीम उसे लेकर जोधपुर पहुंची थी। इधर, इन तीनों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश कर 15 दिन की रिमांड मांगी है।

### गैस सप्लाई के बहाने घुसे थे, शम्मी को पहली बार बरसाना में देखा

डीजीपी यूआर साहू ने जोधपुर की साइक्लोन टीम को बधाई दी है। आईजी विकास कुमार ने बताया- उनकी टीम पिछले दो महीने से इन बदमाशों के पीछे थी। इस दौरान इनपुट मिला कि ढाका और बेनीवाल हैदराबाद के एक फ्लैट में छुपे हैं। पुलिस टीम ने कई दिनों तक इनकी रैकी की। फिर गैस की सप्लाई देने के बहाने प्लैट में घुसे और दोनों को पकड़ा। वहीं शम्मी दो महीने से बरसाना में थी। वह बरसाना में गायों की शोभायात्रा में पहली बार देखी गई थी। इसके बाद कई मंदिरों में उसे देखा गया। इसी दौरान टीम ने उसे डिटेन कर लिया। ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार रुपए, शम्मी बिश्नोई पर 70 हजार रुपए और सुनील बेनीवाल पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। तीनों पेपर लीक के मास्टरमाइंड हैं। इनकी तलाश राजस्थान पुलिस को काफी समय से थी।

# जम्मू-कश्मीर में सेना ने बस खाई में गिरने से बचाई : ब्रेक फेल हुआ, लोग कूदने लगे; जवानों ने पहियों के नीचे पत्थर रखकर रोकी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बनिहाल में एनएच-44 पर भारतीय सेना की सूझबूझ से एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। यहां मंगलवार (2 जुलाई) को अमरनाथ यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस का ब्रेक फेल हो गया। हाईवे के किनारे गहरी खाई थी। बस में 45 लोग सवार थे, जो अमरनाथ से पंजाब लौट रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बनिहाल के पास नचलाना पहुंचने पर ड्राइवर को ब्रेक फेल होने का पता चला। बस काफी स्पीड में थी। ड्राइवर ने बस से कंट्रोल खो दिया था, जिससे गाड़ी तेजी से खाई की तरफ बढ़ने लगी। इससे बस में सवार यात्री दहशत में आ गए। जान बचाने के लिए यात्री चलती बस से कूदने लगे। इसी दौरान सेना और पुलिस के जवानों ने बस की स्पीड को कम करने की कोशिश की। उन्होंने बस के पहियों के नीचे पत्थर रख दिए। इससे बस रुक गई और खाई में गिरने से बच गई। इस तरह एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# मेयर बोलीं- गाजियाबाद में दिल्ली से छोड़े जा रहे बंदर : केजरीवाल और उनके लोग इसी धंधे में लगे रहते हैं, अब हम जंगलों में छुड़वाएंगे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बंदरों की बढ़ रही तादात पर बीजेपी की मेयर सुनीता दयाल का बयान सामने आया है। उन्होंने इसका ठीकरा दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार पर फोड़ा है। मेयर ने सीधे तौर पर कहा है कि दिल्ली की तरफ से रात में बंदर गाजियाबाद छोड़े जा रहे हैं। मेयर सुनीता दयाल ने एक बयान में कहा- बहुत सारे बंदर दिल्ली की तरफ से रात को छोड़ दिए जा रहे हैं। ये केजरीवाल, उनका नगर निगम और उनके लोग यही धंधे में लगे रहते हैं। उसमें हमने वन विभाग से बात की है। किसी तरह से इन बंदरों का जो भी खर्चा हो, उस पर पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए।

### जंगल खत्म हो गए, ऐसे में बंदर कहां जाएं

उन्होंने कहा- पीएफए (पीपल्स फॉर एनिमल) संस्था के कारण लोगों के हाथ बंधे हुए हैं। कोई बेजुबानों पर एक्शन लेता है तो संस्था के लोग उनके खिलाफ कंप्लेंट कर देते हैं। निसंदेह मेनका गांधी अच्छा काम कर रही हैं, लेकिन उन्हें जानवरों की बढ़ती समस्या का भी कुछ समाधान करना चाहिए।

# देश के कानून बदल गए, निकायों के बदल रहे, बिजली कम्पनियों अब भी आरएसईबी के कानून

### किसी भी कार्रवाई में राज्य विद्युत मंडल के अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का होता है उल्लेख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** देश में अंग्रेजों के जमाने के कानून बदलकर एक जुलाई से नए कानून लागू हो गए हैं। वहीं नगर निकायों में भी पुराने कानून बदले जा रहे हैं लेकिन राज्य की बिजली कम्पनियों में अब भी 50 साल पुराने कानूनों के तहत काम हो रहा है। जिनमें से कुछ तो अपनी प्रासंगिकता ही खो चुके हैं।

जानकारी के अनुसार देश के कानून बदले जाने के बाद अब नगर निगम एक्ट लागू होने की तैयारी है। एक्ट तैयार हो चुका है और इस साल के अंत में उसके आधार पर कामकाज शुरू हो जाएगा। फिलहाल नगर निकायों में नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत कामकाज होता है। इधर बात करें बिजली कम्पनियों की तो यहां पर आज भी राजस्थान राज्य विद्युत मंडल के कानूनों के तहत काम हो रहा है। ये कानून 1964 में बनकर लागू हुए थे।

### वर्ष 2000 में खत्म हो गया था बिजली बोर्ड

पहले पूरे प्रदेश में राजस्थान राज्य विद्युत मंडल काम करता था जिसे संक्षिप्त में आरएसईबी के नाम से जाना जाता था। तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के समय बिजली बोर्ड को भंग कर दिया था और पांच नई बिजली कम्पनियां बनाकर उनका कामकाज बांट दिया गया था। इसमें राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, का गठन किया गया था। उस समय इसे लेकर पूरे प्रदेश में बिजली कर्मचारियों ने आंदोलन किया था लेकिन कुछ नहीं हुआ।



### विद्युत मंडल के आठ कानूनों पर चल रही बिजली कम्पनियां

नई बिजली कम्पनियां तो बनानी दी गई लेकिन बिजली कम्पनियों के नए कानून कायदे नहीं बनें। लिहाजा वर्ष 2000 से लेकर आज दिनांक तक पिछले 25 सालों से प्रदेश की बिजली कम्पनियां विद्युत मंडल के कानूनों कायदों से ही चल रही है।

### कार्रवाई का उदाहरण

उदाहरणार्थ किसी बिजली कम्पनी में यदि किसी तकनीकी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करनी होती तो उसमें लिखा जाता है कि तत्कालीन राजस्थान राज्य विद्युत मंडल के रेगुलेशन टेक्निकल कर्मचारी विनियम 1964 में प्रदत्त शक्तियों में कार्रवाई करता हूं और यदि किसी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करनी होती है तो लिखा जाता है कि राजस्थान कर्मचारी कंडक्ट रेगूलेशन 1976 के विनियम 28 के तहत दुराचरण का दोषी मानते हुए प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कार्रवाई की जाती है।

### कानून का बदला जाना जरूरी

बिजली कम्पनियों के अपने कानून होने बहुत जरूरी है। मंडल के समय के कानूनों पर काम करते हुए कई बार काफी दिक्कत आती है। उनको कई बार चुनौती भी मिल जाती है। राज्य के ऊर्जा विभाग को इस तरफ तत्काल ध्यान देना चाहिए।

# 14 साल की किशोरी की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या



बढ़ता राजस्थान

**बारां (नि.स.)।** जैसलमेर के मोहनगढ़ थाना इलाके में बारां जिले के कस्बा थाना इलाके की एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतका के पिता की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता बारां जिले की है और जैसलमेर में अपने माता-पिता के साथ रहती थी।

14 वर्षीय आदिवासी किशोरी के साथ जैसलमेर के मोहनगढ़ थाना इलाके में सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला सामने आया है। किशोरी के शव को लेकर जैसलमेर से ठेकेदार के दो कर्मचारी मंगलवार शाम बारां के कस्बा थाना इलाके में उसके गांव पहुंचे। किशोरी के साथ ज्यादती की जानकारी के बाद लोगों ने साथ आए कर्मचारियों को पकड़ लिया। कस्बा थाना पुलिस ने मृतका के पिता की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज की है और पोस्टमार्टम करा कर किशोरी का शव परिजनों को सौंप दिया है। इसका अनुसंधान जैसलमेर के मोहनगढ़ थाना पुलिस करेगी। सूचना पर बारां से जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी ने बताया कि कस्बा थाना क्षेत्र की एक गांव में रहने वाले मृतका के माता-पिता और बुआ-फूफा जैसलमेर के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में कोयले की खान में ठेकेदार के यहां मजदूरी करते थे। कुछ दिन पहले गांव में शादी-विवाह होने के कारण उसके माता-पिता और बुआ गांव आ गई थी। किशोरी और अन्य बच्चे फूफा के पास ही थे। इस मामले में फूफा की जानकारी पर मृतका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा थाना अधिकारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि मामला दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# परशुराम कुंड क्षेत्र देश के बड़े तीर्थ स्थलों की श्रृंखला में जुड़ेगा



बढ़ता राजस्थान

- केंद्र व अरुणाचल मिलकर बनाएंगे भव्य
- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने की विप्र फाउंडेशन स्वस्ति कामना समारोह में की घोषणा

**नई दिल्ली/जयपुर।** अरुणाचल स्थित परशुराम कुंड देश के एक प्रमुख दर्शनीय तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। ये विकास केंद्र व अरुणाचल सरकार मिलकर करेगी। केंद्रीय संस्कृति एवम् पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार रात नई दिल्ली में विप्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वस्ति कामना समारोह में की।

शेखावत ने कहा कि उनका सपना हैं कि परशुराम कुंड क्षेत्र का विकास अयोध्या तथा अन्य देव स्थलों की तर्ज पर हो। मुझे लगता हैं कि भगवान ने इसी मनोकामना की पूर्ति के लिए उन्हें संस्कृति एवम् पर्यटन मंत्रालय का दायित्व दिलवाया हैं। उनकी कोशिश रहेगी इस क्षेत्र का हर संभव विकास हो ताकि धार्मिक पर्यटन के रूप में परशुराम कुंड भी देश में एक प्रमुख स्थल बनकर उभरे। केंद्रीय मंत्री ने अरुणाचल के उप मुख्यमंत्री चाऊना मीन के योगदान की भी सराहना की।

समारोह में शेखावत के साथ अरुणाचल के उप मुख्यमंत्री चाऊना मीन तथा नव निर्वाचित लोकसेवकों का भी अभिनंदन किया गया। चाऊना मीन ने बाल्यकाल से ही परशुराम कुंड से अपने जुड़ाव को बताते हुए कहा कि वे न केवल परशुराम कुंड को प्रमुख तीर्थाटन क्षेत्र बनाने के प्रति वचनबद्ध हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के सभी प्रकल्पों में योगदान के लिए संकल्पबद्ध हैं।

विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह व अरुणाचल के उप मुख्यमंत्री का विशेष अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परशुराम कुंड पर विप्र फाउंडेशन जो 54 फीट ऊंची भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित कर रहा हैं उसमें इन्हीं दोनों की अहम भूमिका रही हैं। ओझा ने जानकारी दी कि मूर्ति स्थल का भूमिपूजन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कर कमलों से हो चुका हैं। पंच धातु से निर्मित मूर्ति तीर्थ स्थल पर पहुंच चुकी हैं। वर्षा ऋतु समाप्त होते ही एक गरिमामय आयोजन कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय का भी केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 [M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 [M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)